## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरकांड पाठ में उमड़े भक्त

**बीसलपुर, अमृत विचार :** विश्व शांति एवं जन कल्याण के लिए प्राचीन बाबा मठिया नाथ मंदिर में विश्व शांति सेवा संस्थान के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंधक केशव किशोर गुप्ता द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

### लोक कल्याण समिति की बैठक में उठी समस्याएं

**बीसलपुर, अमृत विचार :** लोक कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, राजकीय महिला चिकित्सालय भवन का निर्माण कराने समेत क्षेत्र की कई समस्याओं पर चर्चा की गई। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने की। बैठक में मुकेश गुप्ता, आकाश गुप्ता, पंकज मिश्रा, विमला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर हटवाने की कडीएम से मांग

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला दुबे के कुछ लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि श्यामल दास मढी मार्ग पर खुले में ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। ऐसे में ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की है।

### वैभव शर्मा का सीआईएसएफ में चयन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मसीत निवासी इंद्रपाल व नत्थोदेवी के पुत्र वैभव शर्मा का सीआईएसएफ में हुआ है। वैभव शर्मा ने ग्रेजुएट तक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। एसएससीजीडी की परीक्षा के माध्यम से उनका चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। उनकी ट्रेनिंग देवली राजस्थान में होगी। ट्रेनिंग पर रवाना होने पर माता-पिता ने फूलमाला पहनाकर अपने बेटे का स्वागत कर रवाना किया।

### युवती को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रहने वाले एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को 19 फरवरी को थाना माधौटांडा क्षेत्र के गांव खासपुर जमुनिया निवासी आकाश कुमार पुत्र रामस्वरूप ले गया। वह घर से पांच हजार रुपये व पायल भी ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# विभाग का दावा: भीषण गर्मी से पहले सुधरेगी बिजली लाइन और जर्जर पोल

## पुराने ट्रांसफार्मर का बदला जाएगा तेल, 36 सब स्टेशनों पर होगी मरम्मत, पॉवर कारपोरेशन ने शुरू किया काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में एक स्थान पर कार्य करती कॉरपोरेशन की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से पहले व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे एक बार फिर तेज हो गए हैं। हर साल की तरह इस बार भी पावर कॉरपोरेशन ने लाइन सुधारने, जर्जर पोल बदलने और ट्रांसफार्मरों की सेहत सुधारने का खाका तैयार किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार 90 मेगावॉट से अधिक बिजली खपत का अनुमान है, ऐसे में 15 मार्च से पहले व्यापक मेंटेनन्स अभियान चलाकर आपूर्ति सुचारु की जाएगी। पॉवर कारपोरेशन ने इसको लेकर काम शुरू कर दी है।

जिले में तीन डिवीजन है। जिसमें शहर, बीसलपुर और पूरनपुर शामिल है। यहां 36 सब स्टेशन बने हुए हैं। जहां से पूरे जिले में बिजली सप्लाई की जा रही है। जिले में 161617 लाख उपभोक्ता है। पिछले वर्ष भीषण गर्मी के दौरान मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वितरण खंड के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में गर्मियों के सीजन में करीब 80.45 मेगावाट बिजली की खपत हुई थी। इतना ही नहीं अकेले शहर में ही 50 मेगावॉट तक बिजली की खपत बढ़ गई थी।

मगर इस गर्मी में 60 मेगावॉट तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में पूरे जिले में अनुमानित तौर पर 90 से 95 मेगावाट से अधिक बिजली की खपत का अनुमान है। जिसका कारण तेजी से बढ़ रहे एसी, कूलर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बताए जा रहे हैं। इधर, गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने से हर बार तकनीकी खराबियों का सामना करना पड़ता था। बिजली में फाल्ट की समस्या बनी रहती थी। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से 15 फरवरी से 15 मार्च तक मेंटेनेंस कार्य कराया जा रहा है। पहले जिले के 36 विद्युत उपकेंद्रों (सब स्टेशनों) पर चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इनमें जर्जर इंसुलेटर, ढीले कंडक्टर, क्षतिग्रस्त पैनल और ओवरलोडिंग की समस्या को प्राथमिकता पर ठीक किया जा रहा है। साथ ही जर्जर तारों के बदलने और फीडरों की जांच का कार्य शुरू कर दिया है, ताकि ओवरलोडिंग और फॉल्ट की समस्या से बचा जा सके। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर बिजली के पोल जर्जर हालत में हैं और तार नीचे झूल रहे हैं। विभाग का दावा है कि ऐसे पोलों की पहचान कर उन्हें बदला जाएगा।

संवेदनशील इलाकों में ढीली लाइनों को कसने और पेड़ों की टहनियों की कटाई का भी अभियान चलेगा, ताकि आंधी-तूफान के दौरान फॉल्ट की घटनाएं कम हों। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। कृषि कार्यों के लिए ट्यूबवेल संचालन और घरेलू उपकरणों के उपयोग से लोड बढ़ना तय माना जा रहा है।

- **इस बार 90 मेगावाट से अधिक बिजली खपत का है अनुमान**

> गर्मी के दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार कराने के लिए मेंटीनेस अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान शुरू हो चुका है और 15 मार्च तक चलेगा। इस अभियान के तहत मेंटेनेंस कार्य पूरा होने से अनियोजित कटौती में कमी आएगी। फाल्ट की संख्या घटेगी और ट्रिपिंग की समस्या में राहत मिलेगी। कार्य तेजी से चल रहा है। बिजली की खपत बढ़ने की उम्मीद है। – **भविष्य कुमार सक्सेना**, अधीक्षण अभियंता पावर कॉरपोरेशन।

### सवा लाख ही लग सके स्मार्ट मीटर

विभाग ने पुराने और ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की सूची तैयार कर ली है। जिन ट्रांसफार्मरों का तेल गुणवत्ता मानकों से नीचे पाया गया है, उनमें तेल बदलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे ट्रिपिंग की समस्या कम होगी और फॉल्ट की आशंका घटेगी। साथ ही, जिन ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम है, उन्हें जरूरत के अनुसार उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों से बदलने की भी योजना है। पावर कारपोरेशन की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान शुरु किया गया था। जिले भर में 3 .50 लाख स्मार्ट मीटर लगने हैं। अभी तक सिर्फ 1.25 लाख स्मार्ट मीटर लग सके। जिसके पीछे स्मार्ट मीटर की फैली भ्रांतियां है। उपभोक्ताओं का तर्क है कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिल तेजी से बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर का विरोध जताया था। मगर अभी तक विभाग के जिम्मेदार स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियां दूर नहीं कर सकी है।

# एक दिवसीय डिजायनर वर्कशॉप में दिए गए टिप्स



वर्कशॉप में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जन शिक्षण संस्थान की ओर से क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम आयोजित**

**अमृत विचारः** जन शिक्षण संस्थान द्वारा क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत ड्रेस मेकिंग का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे संदर्भ व्यक्तियों के लिए डिजायनर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें फैशन डिजायनर तृप्ति अग्रवाल द्वारा 20 संदर्भ व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन खालिदा आफाक रहे। कार्यशाला में तृप्ति अग्रवाल द्वारा ड्राफ्टिंग, स्केचिंग, पेर्टन मेकिंग व डिजायनिंग आइडिया आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रारम्भ में संदर्भ व्यक्तियों को कपड़े की माप लेते समय रखी जाने वाली सावधानियां व माप लेने के सही तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कपड़े की सिलाई करते समय मार्जिन, फिटिंग, डिजायनिंग इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बताया कि डिजायन में स्केचिंग का विशेष महत्व है। कपड़े के रंग व प्रकृति (कॉटन, सिल्क इत्यादि) के अनुसार डिजायन के चयन का विशेष महत्व है। अंत में खुले सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूछे गये प्रश्नों का फैशन डिजायनर द्वारा जवाब दिया। निदेशक सलीम मियां, कार्यक्रम अधिकारी संदीप मिश्रा, अशरफ हुसैन, सद्दाम हुसैन, रूबाब अजहर आदि मौजूद रहे।

# नंदकिशोर जिलाध्यक्ष और मनोज जिला मंत्री बने



जिलाध्यक्ष नंद किशोर कश्यप का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भारतीय मजदूर संघ की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें लघु उद्योग रेहड़ी पटरी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के तौर पर नंदकिशोर कश्यप को जिम्मेदारी दी गई जबकि जिलामंत्री पद पर मनोज पांडेय मनोनीत किए गए। उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

यहां साधुराम दिवाकर, ब्रह्म स्वरूप वर्मा, शेर सिंह चौहान, राजकुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार शर्मा, योगेंद्र सिंह, अमरेश कुमार, बालकराम वर्मा, जसवीर राजपूत, प्रमोद कुमार वर्मा, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने सुनी समस्याएं

**बीसलपुर, अमृत विचारः** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने बीसलपुर के ग्राम गुलैंदा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उनका स्वागत किया गया। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने शिकायत करते हुए कहा कि बीसलपुर चीनी मिल प्रशासन स्वीकृत चीनी मिल को बंद करने का प्रयास कर रहा है, जबकि अभी किसानों का काफी गन्ना खेतों में है। उन्होंने किसानों का सारा गन्ना तौल होने के बाद ही मिल को बंद किए जाने की मांग की। कामता प्रसाद वर्मा ने चीनी मिल गन्ना केंद्र पर गन्ने की तौल सही तरीके से न होने की शिकायत की। केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, अवनीश, राजू शर्मा, आकाश गंगवार, सचिन कुमार, सत्य प्रकाश, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिविर के दौरान श्रमदान करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- **जागरुकता रैली में दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी, गोष्ठी में एनएसएस के महत्व को बताया**

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान थीम रही। मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ल रहे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का युवा अगर सकारात्मक दिशा में अपने कौशल का विकास करे, तो वह आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज की प्रगति को भी प्रभावित करता है। स्वयं सेवक समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वयं भी आदर्श प्रस्तुत करें। गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। फिर राष्ट्र एकता में एनएसएस का महत्व विषय पर गोष्ठी हुई।

स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सेवा भावना के महत्व को समझा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से स्वयंसेवी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. अरविंद दीक्षित ने कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं को विविधता में एकता का वास्तविक अनुभव कराता है।

डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ.विनोद कुमार सिंह, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. रंजना सिंह, अंकित गुप्ता, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. अर्निका दीक्षित, डॉ. अंशिका शर्मा, डॉ. राजिया शकील, डॉ. जयनारायण आदि मौजूद रहे। स्वयं सेवियों ने श्रमदान भी किया।

# उपस्थिति कम तो कहीं बिना ड्रेस के मिले बच्चे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एक स्कूल में निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करतीं बीएसए रोशनी सिंह।

- **बोर्ड परीक्षा केंद्रों के साथ ही बीएसए ने परखी कई स्कूलों की व्यवस्थाएं**
- **ऑनलाइन पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति दर्ज कराने के दिए गए निर्देश**

**अमृत विचारः** बीएसए के निरीक्षण के दौरान कहीं बच्चों की उपस्थिति कम मिली तो एक स्कूल में बिना ड्रेस के बच्चे आए थे। बीएसए ने नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई और दोबारा अव्यवस्था मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा की सचल दल की प्रभारी बीएसए रोशनी सिंह ने बुधवार को चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज , सर्वोदय इंटर कॉलेज कल्याणपुर नौगवां में चल रही बोर्ड परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा। दोनों केंद्रों पर परीक्षाएं संचालित मिली। इसके बाद बीएसए ने मरौरी ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल घेरा रिछौला का औचक निरीक्षण किया। स्कूल में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या के सापेक्ष कम उपस्थिति मिलने पर प्रधानाध्यापक से नाराजगी जताई। निर्देश दिए की प्रेरणा पोर्टल पर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ऑनलाइन लगाई जाए। छात्र-छात्राओं से बातचीत कर शैक्षिक स्तर को भी परखा। इसके बाद प्राइमरी स्कूल माला कॉलोनी का निरीक्षण किया। यहां स्कूल में कई बच्चे बिना ड्रेस थे। इस पर हिंदी प्रधानाध्यापक से नाराजगी जताई। जबकि छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से ड्रेस ,जूता, मौजा, स्वेटर, स्कूल बैग की धनराशि भेजी जा चुकी है। हेडमास्टर को चेतावनी दी गई कि अगले निरीक्षण में अगर ऐसी स्थिति पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति पोर्टल पर लगाने के भी निर्देश दिए। माला कॉलोनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान हिंदी विषय के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने सटीक जानकारी दी। जिस पर बीएसए ने बच्चों की सराहना की। वापस आने के बाद बीएसए ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अपने विकास खंड में प्रधानाध्यापक को निर्देशित करें कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ऑनलाइन पोर्टल पर ही दर्ज हो।

# ट्रक से 350 लीटर डीजल चोरी

**पीलीभीत,अमृत विचार :** बहराइच जनपद के थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम सुमईगौढ़ी निवासी नमनदीप सिंह ने थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह ट्रैक चालक है। 25 फरवरी को सुबह सात बजे उसका ट्रक जहानाबाद थाना क्षेत्र में क्रेसर अड्डे के पास पेट्रोल पंप पर खड़ा हुआ था। वह ट्रक के अंदर सो रहा था। तभी बोलेरो से कुछ लोग वहां आए और उसके ट्रक की टंकी का फ्लूड तोड़कर पाइप की सहायता से 350 लीटर डीजल चोरी कर लिया। जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। पीड़ित के मुताबिक जब आरोपी घटना को अंजाम देकर भागने की फिराक में थे तो उसने अपने मोबाइल से घटना में प्रयुक्त कार का फोटो खींच लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों की समस्याओं पर किया मंथन

संवाददाता, अमरिया



एसडीएम मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानु कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन ने पंचायत कर दिया ज्ञापन**

**अमृत विचारः** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानु ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान पंचायत आयोजित की गई। तहसील अध्यक्ष रामगोपाल प्रजापति ने अध्यक्षता की। एसडीएम मयंक गोस्वामी को ज्ञापन देकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई।

पंचायत में छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान न होने पर चिंता जताई। संगठन के अनुसार, हाल ही में जहानाबाद से आगे पीलीभीत जाते समय बाइक सवार दो लोगों पर नीलगाय ने हमला कर दिया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। पशुओं को पकड़वाने की मांग की। जर्जर सड़कों का मुद्दा भी उठाया। माधौपुर से सरैंदा पट्टी तक सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है। नगरिया कॉलोनी से भिकारीपुर जाने वाला मार्ग पिछले दो वर्षों से बंद है। भगा मोहम्मदगंज गांव के पास देवहा पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन बाधित है।

नवादादास से माधौपुर और दलेलगंज पुल से सुंदरपुर गांव तक नहर किनारे सड़क निर्माण की मांग की। घरौनी से वंचित किसानों को शीघ्र घरौनी उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, जिला महासचिव रघुवर सिंह, तहसील महामंत्री डोरीलाल पाल, तहसील उपाध्यक्ष ओमकार सिंह, ब्लॉक महामंत्री दौलत सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोजगार और कौशल विकास कार्यक्रम संपन्न



शिविर में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के 5वें दिन रोजगार एवं कौशल विकास कार्यक्रम हुआ।

छात्राओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, डिजिटल कौशल, हस्तशिल्प, उद्यमिता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ कौशल विकास अत्यंत जरूरी है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. फजलुर रहमान ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित करती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा के निर्देशन में समूह चर्चा की।

**कार्रवाई** | पांच दिन में महज 13 सैंपल लिए, दो को नोटिस, 112 किलो सेवईं की गईं जब्त

# हरकत में एफएसडीए, नगर चेकिंग अभियान की रफ्तार सुस्त

- **मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को 3 मार्च तक चलेगा अभियान**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में एक मिठाई की दुकान पर सैंपलिंग की कार्रवाई करती एफएसडीए टीम।

**अमृत विचारः** होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से अभियान तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन इसकी गति बेहद धीमी या यूं कहें कि औपचारिकता निभाते हुए आंकड़ों में सिमटती दिखी जा रही है। ऐसे में मिलावटखोरी करने वालों पर शिकंजा कसता नहीं दिख रहा।

त्यौहारों के नजदीक आते ही मिलावटी खाद्य पदार्थों की बाजार में बाढ़ सी आ जाती है। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में मिलावटखोर एक-दो महीने पहले से ही बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों को खपाना शुरू कर देते हैं। होली के नजदीक आते ही एक बार फिर बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री शुरू हो चुकी है।

इधर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा अभियान की शुरुआत की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमें दुकानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच के नाम पर औपचारिकता निभा रही हैं। अभियान शुरू किए गए पांच दिन बीत चुके हैं। मगर, अभियान की रफ्तार बेहद सुस्त दिखाई दे रही है। करीब 22 लाख की आबादी वाले जिले में एफएसडीए की टीम द्वारा पांच दिन में महज 13 सैंपल ही लिए गए।

विभाग के मुताबिक बीते 19 फरवरी को शाहगढ़-कलीनगर आदि में बेसन, घी, दूध के 3 सैंपल, 20 फरवरी को पीलीभीत-बरखेड़ा आदि में पनीर, धनिया पावडर, सूजी के 03 सैंपल, 21 फरवरी को अमरिया, पीलीभीत में मिठाई, सोयाबीन तेल, देशी घी के 3 सैंपल, 23 फरवरी को बीसलपुर, पीलीभीत आदि में मोटी सेवई, बेसन, मिठाई के 3 सैंपल और 24 फरवरी को टीम ने पूरनपुर में महज घी-बेसन के 02 सैंपल लिए थे।

### बुधवार को भी महज तीन सैंपल

इधर बुधवार को एफएसडीए ने शहर समेत गजरौलाकलां में अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने शहर में पवन स्वीट्स एंड रेंस्टोंरेट से छेना रसगुल्ला, मोहल्ला इनायतगंज में गनेश ट्रेडिंग कंपनी से कच्ची घानी सरसों का तेल और गजरौलाकलां में कंग डेयरी से पनीर का सैंपल लिया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु कुमार, सतीश कुमार और प्रेम कुमार यादव शामिल रहे।

> होली पर्व के मद्देनजर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को अभियान शुरू किया गया है। अभियान के दौरान जनपद भर में प्रतिष्ठानों आदि पर निरीक्षण किए जा रहे हैं। मानकों का उल्लंघन मिलने पर सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। –**स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव**, प्रभारी अभिहीत अधिकारी।

इस दौरान टीम ने 112 किलो सेवई जब्त की और दो दुकानदारों का मानकों का उल्लंघन मिलने पर नोटिस जारी किया। वहीं राज्य सचल दल ने बीते 24 फरवरी को पूरनपुर में 25 हजार लीटर राइसब्रान ऑयल जब्त किया है। इस सचल दल में दूसरे जनपद के अधिकारी शामिल रहे थे।



**इफ्तार**
गुरुवार
सुन्नी: 6:13
शिया: 6:22

**सहरी**
शुक्रवार
सुन्नी: 5:13
शिया: 5:06

## शहर में आज

- बिलसंडा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- बिलगवां गांव में एनएसएस शिविर के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।
- रेलवे स्टेशन मझोला में पूर्णागिरी एक्सप्रेस का ठहराव कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से।
- गांधी प्रेक्षागृह में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा सिलाई मशीन वितरण दोपहर 01 बजे से।
- बीएसए कार्यालय परिसर में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में धरना प्रदर्शन दोपहर 01 बजे से।

# नमकीन और भी खतरनाक, सेहत को नुकसान

## होली के नजदीक आते ही बढ़ गई मांग, घटिया सामग्री का खुलकर किया जा रहा इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** होली पर्व के नजदीक आते ही बाजार में मिलावटखोरी का खेल तेजी पकड़ चुकी है। दूध, मावा के साथ ही नमकीन की होली पर डिमांड बढ़ चुकी है। मुनाफे की चाहत में चल रहे मिलावटखोरी के खेल में बाजार में बिक रही नमकीन का सेवन सेहत के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकता है। खाद्य सुरक्षा औद्यधि प्रशासन विभाग द्वारा बीते सालों में की गई सैंपलिंग की जांच रिपोर्ट बेहद चौकाने वाली है। अधिकांश नमकीन के सैंपल फेल हो गए थे। ऐसे में स्वाद और चमक के नाम पर घटिया सामग्री से बनी नमकीन बेची जा रही है। इसमें शुद्धता की गारंटी भूल ही जाइए।

घर, प्रतिष्ठान हो या फिर दफ्तर में चाय के साथ नमकीन परोसना आम बात है। स्वाद बढ़ाने के लिए नमकीन का सेवन होता है। कई लोग तो नाश्ते के अलावा भी दिन में भोजन करने के दौरान भी नमकीन का सेवन कर लेते हैं। वैसे तो आम दिनों में ही भी घर-घर नमकीन की खपत रहती ही है, लेकिन होली पर ये और बढ़ जाती है। मगर, ये नमकीन उनकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा रही है। इस पर किसी का कोई ध्यान नहीं है।



शहर की एक दुकान पर रखी नमकीन। ● अमृत विचार

### सैंपल फेल होने की एक वजह ये भी...

नमकीन के 85 फीसदी से अधिक सैंपल फेल होने के पीछे कई वजह हैं। मगर सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें जितने भी खाद्य पदार्थ मिलाए जाते हैं, उनकी क्वालिटी पहले ही एफएसडीए की ओर से कराई गई जांच में फेल हो चुकी है। मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया क्वालिटी का तेल इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा बेसन, नमक, मसाले इस्तेमाल होते हैं। जिनकी गुणवत्ता बीते सालों में जांच में सामने आ चुकी है। बताते हैं कि नमक भी वही, इस्तेमाल अधिकांश जगह हो रहे हैं, जिनके सैंपल लैब से पहले ही फेल हो चुके हैं। इसमें हानिकारक रंगों का भी इस्तेमाल होता है। अमानक तेल का उपयोग किया जाता है। मसाले भी मानक विहीन प्रयोग किए जाते है। स्टार्च, टैल्कम पाउडर आदि का उपयोग तक किया जाता है। बताते हैं कि टैल्कम पाउडर नमकीन के वजन को बढ़ाने में काम आता है। वहीं, नमकीन को चमकदार और आकर्षक बना देता है, जिससे बिक्री बढ़ सकती है।

### घटिया की नमकीन के सेवन से कब्ज, पेट दर्द, दस्त हो सकते हैं

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर का कहना है कि नमकीन एक ऐसा खाद्य पदार्थ, जोकि घर-घर में इस्तेमाल होता है। मगर, घटिया क्वालिटी की नमकीन के सेवन से कब्ज, पेट दर्द, दस्त आदि हो सकते हैं। अधिक नमक होने से उच्च रक्तचाप की समस्या भी हो सकती है, जोकि हृदय रोग और स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा देती है। एलर्जी, त्वचा की समस्याएं, आंखों की समस्याएं होना भी आम बात है। घटिया नमकीन में पोषक तत्वों की कमी होती है, जो कि स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करती है। अगर नमकीन में टेल्कम पाउडर का प्रयोग है तो खांसी, दमा हो सकता है। इसके लगातार प्रयोग से कैंसर और गुर्दे की बीमारी हो सकती है।

- **बीते सालों में लिए गए सैंपलों की आई जांच रिपोर्ट में हकीकत उजागर**

पैकिंग के साथ ही खुले में भी नमकीन की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है। मिठाई की दुकानों से लेकर गली नुक्कड़ पर भी नमकीन की बिक्री है। वर्तमान में सामान्य सी नमकीन की कीमत भी बाजार में प्रति किलो 200 रुपये से अधिक है। इसके बावजूद भी इसकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। शुद्धता को लेकर कोई गंभीरता नहीं बरती जाती है। जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। अनजाने में ही सही, नाश्ते में स्वाद बढ़ाने के चक्कर में लोग बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं।

बीते सालों की हुई कार्रवाई की बात करें तो वर्ष 2024-25 में नमकीन के सात नमूनों की जांच रिपोर्ट आई। जिसमें छह नमूने फेल हो गए थे। ये मानक पर खरे नहीं उतरे। इसी तरह से वर्ष 2025-26 में भी आठ में से चार नमूने फेल हो गए। मसालों की सैंपलिंग की बात करें तो वर्ष 2024-25 में आई 18 जांच रिपोर्ट में नौ फेल हुए जबकि 2025-26 में सात नमूने फेल हो गए थे। तेल के भी तीन नमूने दोनों साल फेल हुए।

### पैकिंग के नाम पर पकड़ा जा चुका खेल

शहर में दुकान पर खुले में बिकने वाली नमकीन को ब्रांड के नाम पर पैकिंग करके बेचने का मामला भी बीते दिनों उजागर हुआ था। इसकी आईजीआरएस और डीएम के समक्ष शिकायत की गई थी, जिसके बाद टीम ने पहुंचकर सैंपल लिया। दुकान पर खुले में बिकने वाली नमकीन को ब्रांड के नाम पर पैकिंग करके बेचा जा रहा था। खास बात थी कि पैकिंग पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी और बैच नंबर नहीं था। जोकि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है हालांकि कार्रवाई सैंपलिंग तक सीमित रही थी।

# ग्रामीण ने पेट्रोल छिड़क कर की आत्मदाह की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **तूदाबंदी न होने से आहत है ग्राम भिंडारा निवासी राजेश वर्मा**
- **एसडीएम और थाना न्यूरिया पुलिस ने गांव पहुंचकर समझाया**

**अमृत विचार :** तूदाबंदी न होने से आहत ग्रामीण ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लेखपाल ने किसी तरह पेट्रोल की बोतल और माचिस छीन ली। ग्रामीण का आरोप है कि खेत के आसपास रसूखदारों ने प्लाटिंग शुरू कर दी। जिससे उसकी जमीन के बारे में सही जानकारी नहीं मिल रही है। एसडीएम और न्यूरिया पुलिस पहुंची। ग्रामीण को आश्वासन देकर शांत कराया।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया भिंडारा निवासी राजेश वर्मा ने बताया कि उसकी गुलड़िया भिंडारा में ही जमीन है। उसने जमीन की तूदाबंदी कराने के लिए करीब डेढ़ साल पूर्व एसडीएम अमरिया के न्यायालय में वाद दायर किया था। पिछले साल मार्च में कच्ची तूदाबंदी भी तहसील प्रशासन ने करा दी थी। इसके बाद पक्की तूदाबंदी के लिए उसको लगातार तारीख दी जा रही थी। उसने प्रार्थनापत्र भी छह माह पूर्व दिया लेकिन तहसील प्रशासन ने उसका निस्तारण नहीं कराया।

आरोप है कि उसके खेत के करीब जिले के एक रसूखदार ने प्लाटिंग शुरू कर दी है। दूसरी ओर भट्ठा स्वामी ने दीवार खड़ी कर दी है। जिससे उसकी जमीन को दबाया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने अमरिया तहसील दिवस में कई बार अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिए लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। बुधवार को हल्का लेखपाल को उसने फोन करके बुलाया और निर्माण रोकने को कहा।

लेखपाल मौके पर तो पहुंचा लेकिन उसने निर्माण नहीं रुकवाया इससे आहत होकर लेखपाल व अन्य लोगों के सामने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। वह आग लगाता लेखपाल और अन्य ग्रामीणों ने उसको रोक लिया। एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी मौके पर पहुंचे और समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

> संबंधित ग्रामीण ने पिछले साल अप्रैल माह में मुकदमा दायर किया था। मामला सुनवाई में चल रहा है। तहसील बुलाकर बातचीत की गई है। उससे प्रार्थनापत्र लेकर राजस्व निरीक्षक और तीन लेखपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। टीम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> – **मयंक गोस्वामी**, एसडीएम अमरिया।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान में घुसकर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पाल नगर कॉलोनी निवासी ज्योति कुशवाहा पत्नी शुभम कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी अलीगंज रोड पर कॉस्मेटिक की दुकान है। वह दुकान पर बैठी थी। तभी एक लड़का फ्री में पिचकारी लेने आया, जब उसने मना किया तो वह गाली देकर भाग गया। थोड़ी देर बाद बच्चे की मां खुशबू सोनकर दुकान पर आई और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### गन्ने की फसल ट्रैक्टर से रौंदी, विरोध पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम हिम्मतनगर निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 4 बीघा खेत में गन्ने की फसल व उसके छोटे भाई की गेहूं की फसल को न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बलदेवपुर निवासी मोहनलाल, सतीश कुमार, जसवंत कुमार, मोतीराम ने ट्रैक्टर से फसल उजाड़ दी। विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसका करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# पर्स से सोने के जेवरात और नकदी चोरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ई-रिक्शा में बैठी महिलाओं ने बातों में उलझाकर घटना को दिया अंजाम**

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा पर बैठी महिला को बातों में उलझाकर दो महिलाओं ने उसके पर्स से सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। महिला ने मायके पहुंचकर पर्स देखा तो जेवरात और नकदी गायब थी। सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी नरगिश जहां पत्नी मोहम्मद कासिम ने सुनगढ़ी थाने में दी तहरीर में बताया कि 22 फरवरी को वह अपने पति के साथ घर से ई रिक्शा पर सवार होकर अपने मायके गुलड़िया भिंडारा जा रही थी। दोपहर 12:30 बजे स्टेशन रोड पर मधुवन कॉलोनी के सामने दो महिलाएं और एक 12 साल का बच्चा ई-रिक्शा में बैठे। उन महिलाओं ने उसके साथ बातें करना शुरू कर दीं। इसके बाद उसका सामान गिरने की बात कहकर उसका ध्यान बटा दिया। इस बीच उन औरतों ने उसके पर्स से सोने के दो हार, झूमर, टीका, तीन अंगूठी, नथनी, 1700 रुपये पर्स से चोरी कर लिए। वह पति के साथ स्टेशन पर उतरकर टिकट लेकर ट्रेन पर बैठकर मझोला चली गई। जब मायके पहुंची तो उसके पर्स से सोने के जेवर और रुपये गायब थे। इसकी सूचना सुनगढ़ी पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम सुहास निवासी मधु वर्मा पुत्री तुलसीराम की ओर से एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें बताया कि तीन मार्च 2016 को उसकी शादी बीसलपुर के खरगापुर गांव निवासी राजपाल से हुई थी। कुछ समय बाद ही पति राजपाल, ससुर राकेश बाबू, सास धीरा देवी, देवर विमल वर्मा, ननद नेहा वर्मा, मौसिया सास शारदा देवी अतिरिक्त दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। 10 अगस्त 2024 की दोपहर तीन बजे ससुराल वालों ने मारपीट की। जान से मारने की नीयत से फंदे से लटकाकर मारने की कोशिश की और घर से निकाल दिया। नौ जनवरी को दोपहर दो बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके आकर भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# होली पर दो स्पेशल ट्रेनें, मुख्यालय पर एक का ठहराव नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रेलवे ने होली पर्व के मद्देनज़र जिलेवासियों को दो होली स्पेशल ट्रेनों की सौगात दी है। ये ट्रेनें लालकुआं रेलवे स्टेशन से कोलकाता और किशनगंज तक चलेंगी। हालांकि, लालकुआं-किशनगंज स्पेशल ट्रेन का ठहराव जिला मुख्यालय लखीमपुर में नहीं रखा गया है, जिससे यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है।

रेलवे की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार, लालकुआं से कोलकाता जाने वाली किशनगंज-लालकुआं स्पेशल (05741/05742) स्पेशल ट्रेन 5 मार्च से 28 मार्च तक संचालित होगी, जबकि लालकुआं से किशनगंज के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 5 मार्च से 27 मार्च तक चलेगी। दोनों ट्रेनें चार-चार ट्रिप करेंगी।




- **लालकुआं से कोलकाता और किशनगंज के लिए चलेंगी ट्रेनें**

किशनगंज से लालकुआं जाने वाली स्पेशल ट्रेन 6 मार्च (बृहस्पतिवार) को सुबह 8:30 बजे किशनगंज से रवाना होगी। यह ट्रेन सीतामढ़ी, रक्सौल, गोरखपुर और गोंडा के रास्ते सीतापुर व मैलानी होकर लालकुआं पहुंचेगी। निर्धारित समय के अनुसार ट्रेन शुक्रवार सुबह 09:10 बजे सीतापुर, 11:15 बजे मैलानी और 15:40 बजे लालकुआं पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन शुक्रवार रात 20:40 बजे लालकुआं से चलकर 12:55 बजे मैलानी, 02:50 बजे सीतापुर, 06:10 बजे गोंडा होते हुए रविवार सुबह 02:00 बजे किशनगंज पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव गोंडा जंक्शन, सीतापुर, मैलानी और भोजीपुरा में रहेगा, लेकिन लखीमपुर में स्टापेज नहीं दिया गया है।

लालकुआं-कोलकाता स्पेशल (05060/05059) लालकुआं से कोलकाता जाने वाली स्पेशल ट्रेन बृहस्पतिवार को 13:35 बजे लालकुआं से प्रस्थान करेगी। यह 18:20 बजे मैलानी, 18:50 बजे गोला, 19:40 बजे लखीमपुर और 21:30 बजे सीतापुर पहुंचेगी तथा शुक्रवार रात 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन शनिवार सुबह 05:00 बजे कोलकाता से चलकर रविवार सुबह 07:25 बजे सीतापुर, 08:38 बजे लखीमपुर, 09:10 बजे गोला, 10:00 बजे मैलानी और रविवार शाम 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी।

### स्टॉपेज न होने से नाराजगी

किशनगंज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन का ठहराव लखीमपुर में न रखकर मैलानी में रखा गया है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है। पूर्वांचल और बिहार से जुड़े यात्रियों का कहना है कि यदि जिला मुख्यालय पर स्टॉपेज होता तो हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलता। वर्तमान व्यवस्था में यात्रियों को इस ट्रेन से सफर करने के लिए 70 से 80 किलोमीटर दूर मैलानी जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत बढ़ेगी।

# दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में अवैध औषधियों की बिक्री और नियमों की अनदेखी पर औषधि विभाग ने सख्ती की है। मंगलवार शाम बिलसंडा क्षेत्र के ईंटगांव में की गई छापेमारी के दौरान दो मेडिकल स्टोरों पर जरूरी अभिलेख न मिलने और मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई है। वहीं एक अन्य स्टोर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एसएस मेडिकल एजेंसी और सिंह मेडिकल स्टोर पर खरीद-बिक्री (सेल-परचेज) से संबंधित रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराए जा सके। एसएस मेडिकल एजेंसी के पास होलसेल और रिटेल दोनों लाइसेंस हैं, लेकिन दुकान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाने वाला लाइसेंस नहीं मिला। एक्सपायरी दवाओं के लिए अलग बॉक्स की व्यवस्था भी नहीं थी।



मेडिकल स्टोर पर चेकिंग करती ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य। ● अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान केवल खाली डिब्बे दिखाए गए। इसी तरह सिंह मेडिकल स्टोर पर भी आवश्यक अभिलेखों की कमी पाई गई।

- **अभिलेख न मिलने पर की गई कार्रवाई, एक को कारण बताओ नोटिस दिया**
- **तीन दवाओं के नमूने फेल अधोमानक घोषित कर बिक्री पर लगाई रोक**

दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। इसके अलावा पांडे मेडिकल स्टोर की जांच में सामने आया कि उसके पास केवल होलसेल लाइसेंस है, लेकिन वहां से फुटकर दवाओं की बिक्री की जा रही थी। इस पर विभाग ने संबंधित संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

उधर, शहर के मेडिकेयर मेडिकल स्टोर से लिए गए दवाओं के नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर के अनुसार एसिक्लोफेनाक, पैरासिटामोल और सेराटियोपेप्टिडेज दवाएं अधोमानक घोषित की गई हैं। संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक और निर्माता कंपनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इन दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए बाजार से स्टॉक वापस मंगाने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य ने कहा कि क्षेत्र में दवाओं की बिक्री को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। नियमों के विरुद्ध बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने ग्राम गनेशपुर गौटिया देशनगर में जागरूकता रैली निकाली।

बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के मोहम्मद इजहार, द्वितीय सेमेस्टर के यशपाल ने रैली की अगुवाई की। सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाना है, कभी वाहन तेज नहीं चलाना है, हेलमेट पहनना है जरूरी, तभी रहेगी सुरक्षा पूरी, जहां भी हो ट्रैफिक का जंजाल, कभी न करें मोबाइल फोन का इस्तेमाल आदि नारे लगाए। वाहन चालकों को रोक कर जागरूक किया और पंपलेट बांटे। निबंध प्रतियोगिता में अंजुम प्रथम, कृतिका सक्सेना द्वितीय और साक्षी व सैमून फातिमा तृतीय रहे। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद, एनएसएस अधिकारी आलोक उपाध्याय, प्रवक्ता राजपाल गंगवार, सोनिया सिंगला, कविशा कनौजिया आदि मौजूद रहे।



बाइकर्स को नियम पालन के लिए जागरूक करते छात्र। ● अमृत विचार

- **राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन चला अभियान**

# पेस्टीसाइड की दुकान पर जीएसटी का छापा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बरेली मंडल में पेस्टीसाइट्स के कारोबार में जीएसटी टैक्स में 30 फीसदी गिरावट आने के बाद खलबली मच गई है। जिसके बाद टीमों ने बरेली मंडल ने ऐसी फर्मों का चयन कर छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिले में किसान ट्रेडर्स पर छापा मारा गया। टीम ने पांच साल के अभिलेख को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी, जोकि देर रात तक चलती रही।

मंडी समिति के पास स्थित किसान ट्रेडर्स पर जीएसटी डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को छापा मारा। टीम ने दुकान पर समस्त अभिलेख और स्टॉक की जांच की। दुकान स्वामी मीनू वर्मा के दो गोदाम और एक दुकान है। जहां टीमें लगाकर कार्रवाई की गई।

जीएसटी डिप्टी कमिश्नर के अनुसार शासन की ओर से पेस्टीसाइटस की ऐसी दुकान को चिन्हित किया गया है, जोकि टैक्स कम अदा कर रही हैं। मगर उनकी सेल अधिक है। इस दुकान पर बीते पांच सालों में 83 करोड़ का माल बेचा गया। जिसके सापेक्ष नौ करोड़ का टैक्स बन रहा था। जिसमें आईटीसी के तहत सिर्फ टैक्स अदा किया गया। इतना ही नहीं कुछ ईवे बिल भी गायब मिले। जोकि दुकानस्वामी के अधिवक्ता ने उपलब्ध कराने की बात कही।



किसान ट्रेडर्स पर कार्रवाई करती जीएसटी टीम। ● अमृत विचार

- **बरेली डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में पहुंची टीम, मची खलबली**

प्रारंभिक जांच में 36 लाख रुपये का हेरफेर सामने आया है। मगर दुकान स्वामी का तर्क है कि कुछ मामलों में डीआरसी कर दी गई है।

हालांकि अभी पूरी तरह से तस्वीर स्पष्ट नहीं हो सकी। डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताय कि बरेली मंडल में पेस्टीसाइस का टैक्स कम होने का आकलन किया गया है। इसीक्रम में छापेमार कार्रवाई गई है। अभी स्टॉक और बिल बाउचर का मिलान किया जा रहा है। इसके बाद भी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# निजी नर्सिंग होम के बाहर खड़ी कार में लगी आग

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एक निजी नर्सिंग होम के बाहर खड़ी कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने आग पर काबू किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही चालक कार लेकर चला गया। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हादसा नौगवां ओवरब्रिज के नीचे स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर का है। वहां एक कार सड़क किनारे खड़ी थी। अचानक बोनट की ओर से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग घबरा गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। चालक वाहन को स्टार्ट कर चला गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

**कार्यक्रम** | 27 से भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव शुरू, दो दिवसीय महोत्सव में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# भारत-नेपाल की संस्कृति का होगा संगम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल की साझी संस्कृति को बरकरार रखने के लिए जनपद में 27 फरवरी से दो दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शहर के गांधी प्रेक्षागृह में होने वाले मैत्री महोत्सव के दौरान दोनों देशों की संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। यह जानकारी मैत्री महोत्सव के नोडल/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने प्रेसवार्ता के दौरान दी।

भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए भारत-नेपाल सीमा से सटे प्रदेश के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मैत्री महोत्सव का समापन समारोह पीलीभीत में किया जाना है। जिला प्रशासन ने संस्कृति विभाग के सहयोग से कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार कर ली है। मैत्री महोत्सव के नोडल एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।



सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।

- **सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रेस कांफ्रेस कर दी जानकारी**

उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के माध्यम से भारत-नेपाल के संबंध को मजबूत बनाते हुए दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि भारत-नेपाल सीमावर्ती जनपदों में युवा एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं प्रदेश प्रेम की भावना प्रवाहित करना है, ताकि वे दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को समझे और जाने। मैत्री महोत्सव का शुभारंभ 16 फरवरी को कुशीनगर से शुरू किया गया है।

यह मैत्री महोत्सव कार्यक्रम भारत-नेपाल सीमा से सटे सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच होते 26 फरवरी को अपने सातवें पड़ाव के तहत लखीमपुर में होगा। मैत्री महोत्सव का समापन जनपद में 27-28 फरवरी को होगा। महोत्सव का आयोजन गांधी स्टेडियम स्थित गांधी प्रेक्षागृह में किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव की सफलता को लेकर अन्य विभागों से भी सहयोग मांगा गया है।

### एक मंच पर दिखेगीं साझा सांस्कृतिक विरासतें

मैत्री महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नही, बल्कि दो राष्ट्रो के मध्य विश्वास, सहयोग एवं आत्मीय का प्रतीक है। मैत्री महोत्सव के तहत 27 फरवरी को लोक एवं पारंपारिक विधाओं की विविध लोक गायन, नुक्कड, चकरी नृत्य, भजन, थारू लोक नृत्य व नेपाली कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। वहीं 28 फरवरी को बमलहरी, लोक गायन, शास्त्रीय गायन, अवधी लोक नृत्य, कठपुतली, सात्विक बैंड, चकरी, सांस्कृतिक बैंड प्रस्तुति एवं नेपाली कलाकारों को विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की जायेगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विविधता एवं आत्मीय संबंधों का सुंदर समन्वय दर्शाया जाएगा।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# पीलीभीत-बरेली में कुंडल लूटने वाले 3 गिरफ्तार

## सर्विलांस टीम की मदद से की गई आरोपियों की धरपकड़, 7 कुंडल, 3 बाइक, 13200 रुपये बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और खुलासा करते एसपी सुकीर्ति माधव।

**अमृत विचारः** कुंडल लूट (स्नेचिंग) की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर स्नेचरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बीते कुछ दिनों से ये गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। न सिर्फ जिले में बल्कि बरेली के क्योलड़िया और नवाबगंज क्षेत्र में भी घटनाओं को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए सात कुंडल, तीन बाइक, तीन मोबाइल, 15200 रुपये बरामद किए। एसपी ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। जिसके बाद तीनों को जेल भेज दिया है।

पिछले कुछ दिनों में जिले में कुंडल लूट की घटनाओं को सिलसिलेवार तरीके से अंजाम दिया गया। दस फरवरी को बिलसंडा क्षेत्र में घटना की गई। इसके बाद 19 फरवरी को करेली और फिर 21 फरवरी को बरखेड़ा क्षेत्र में भी महिला के कुंडल लूटे गए। तीनों घटनाओं को लेकर संबंधित थानों में पीड़ित से मिली तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। लगातार अंजाम दी जा रही घटनाओं का संज्ञान लेकर एसपी ने चार टीमों को खुलासे के लिए लगाया।

सर्विलांस टीम भी शामिल की गई। सुरागरसी के बाद पुलिस ने तीन आरोपी दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर निवासी रामू उर्फ रामचंद्र पुत्र सीताराम, श्याम उर्फ श्यामू पुत्र सीताराम, क्योलड़िया बरेली के गांव प्रहलादपुर निवासी कय्यूम उर्फ झब्बू पुत्र अय्यूब खां को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे गए सात कुंडल, 13200 रुपये, घटना में इस्तेमाल तीन बाइक और तीन मोबाइल भी बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त तीन घटनाओं के साथ ही कबूल किया कि उन्होंने बरे4ली जनपद के क्योलड़िया और नवाबगंज क्षेत्र में भी कुंडल लूटे थे। बुधवार दोपहर को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में एसपी सुकीर्ति माधव ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। बता दें कि पकड़ा गया आरोपी कय्यूम उर्फ झब्बू पिछले कुछ समय से बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सराय मस्जिद के पास रह रहा था। फिलहाल तीनों को जेल भेज दिया है।

- एसपी ने प्रेसवार्ता कर किया घटनाओं का खुलासा
- आरोपियों ने बरेली में भी की थीं दो घटनाएं

### लूट का माल खरीदने वालों की भी की जा रही पड़ताल

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए तीनों आरोपी शातिर अपराधी है। रामू उर्फ रामचंद्र पर बारादरी बरेली, पूरनपुर, बरखेड़ा, बीसलपुर, दियोरियाकलां, बिलसंडा, बरखेड़ा थाने में लूट, गैंगस्टर एक्ट्र दुष्कर्म आदि के करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं। दूसरे आरोपी श्यामू पर भी दुष्कर्म, गैंगस्टर एक्ट, लूट आदि के 19 मुकदमे और कय्यूम पर भी हमला करने, गोकशी, आर्म्स एक्ट, लूट आदि के दस मुकदमे हैं। इन तीनों की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उन संदिग्धों का पता लगाने में जुट गई है, जिनको आरोपी लूट का माल बेचा करते थे। इसे लेकर भी पूछताछ के बाद छानबीन तेज कर दी गई है।

> इसी माह जिले में तीन स्नेचिंग की घटनाएं हुई थी। इसे लेकर टीमें गठित कर सुरागरसी कराई गई। तीन स्नेचर गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं। आरोपियों ने बरेली में भी दो घटनाएं की थी। - **सुकीर्ति माधव**, एसपी।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राजस्थान से टनकपुर आ रही दौराई एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी शिनाख्त में जुटी है।

बुधवार सुबह राजस्थान से आ रही ट्रेन जैसे ही पीलीभीत जंक्शन के प्लेटफार्म के करीब पहुंची। तभी एक युवक अचानक रेलवे ट्रैक पर आ गया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन भी प्लेटफार्म पर ही रूक गई। हादसा होते ही मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई। जीआरपी ने मृतक की तलाशी भी ली लेकिन उसके पास कोई ऐसा कागजात नहीं मिला। जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकती। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर फोटो भी डाले गए हैं।

# महिला से मारपीट, तीन गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** मकान के विवाद में गर्भवती की पिटाई की गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। घटना घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्राम अभयपुर माधोपुर की बताई जा रही है। बंडा क्षेत्र के ग्राम नगरा नवदिया निवासी कमलजीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अभयपुर माधोपुर गावं स्थित मकान को लेकर विवाद है। सोमवार को वह पति रंजीत सिंह, देवर मंजीत सिंह के साथ मकान में थी। इसी बीच आरोप है कि सुखजीत सिंह, गुरमेज सिंह, प्रेम सिंह, सुखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, कर्मजीत कौर, निंदर सिंह, जसप्रीत समेत कई लोगों ने आकर हमला कर दिया। आरोप है कि गर्भवती को भी पीटा गया। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर कर्रवाई की। मामले की जांच कराई जा रही है।

# मजदूर संघ ने मनाया विरोध दिवस, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते मजदूर संघ, एनएचएम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय मजदूर संघ ने राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को विरोध दिवस मनाया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले रोडवेज कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ आदि के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपे गए।

भारतीय मजदूर संघ ने 25 फरवरी को देश भर में विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले रोडवेज कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, रेहडी पटरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और तमाम कार्यकर्ता शहर के नकटादाना चौराहे पर एकत्र हुए। यहां से सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। यहां सभी ने लंबे अरसे से लंबित समस्याओं का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कहा गया कि आज मजदूर और कर्मचारी महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षाओं के कारण परेशान है। आंगनबाड़ी वर्करों के लिए सरकार के द्वारा तय किए गए मानदेय को भी नहीं लागू किया जा रहा है।

सफाई कर्मचारी को बिना सुरक्षा उपकरण के ही कार्य कराया जाता है और उचित वेतन भी नहीं दिया जाता है। एनएचएम में कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को बीमा का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार से बजट मिला, लेकिन उसे भी अभी तक लागू नहीं कराया गया। सरकारी कर्मचारियों की बहुत समय से चली आ रही पुरानी पेंशन की मांग को सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है। इस दौरान पदाधिकारियों की अगुवाई में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक पवन कुमार को सौंपा गया।

ज्ञापन में आशा कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि के स्थान पर मानदेय देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करने एवं मानदेय बढ़ाने, एनएचएम के सभी संविदा कर्मियों की बीमा, स्थानांतरण, वेतन विसंगतियों की समस्याओं का समाधान कराने, बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू कराने, वर्ष 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने व परिवहन निगम के मृतक आश्रितों को नौकरी देने के आदेश का अनुपालन कराने, निकायों में वर्षों से वाहन चालक का कार्य करने वाले सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्राइवर के रिक्त पदों पर समायोजित करने, पटरी रेहाड़ी दुकानदारों को समुचित स्थान देने, ई-रिक्शा चालक, आटो चालक, धोबी, दर्जी, बढ़ई, लुहार, मोची, कुम्हार को मजदूर की श्रेणी प्रदान करने, कृषि ग्रामीण एवं दिहाड़ी मजदूरों का पारिश्रमिक तय करने, संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियमावली बनाने, मिड-डे मील के कर्मचारियों का 10 हजार रुपये मानदेय देने, पुरानी पेंशन बहाल करने आदि की मांग की गई।

विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष साधूराम दिवाकर, जिलामंत्री ब्रहमस्वरुप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री राजेंद्र कुमार शर्मा, शेर सिंह चौहान, संयुक्त स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के राजकुमार, अमरेश कुमार, रेहड़ी पटरी कर्मचारी संघ नंदकिशोर कश्यप, मनोज कुमार पांडे, प्रमोद कुमार वर्मा, बालक राम वर्मा, बृजलाल राजपूत, बंटी लोधी, गोविंदराम समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा

## ब्लॉक संसाधन केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी अमरिया उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अमरिया स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में रोज की तरह मंगलवार सुबह जब कार्यालय का स्टाफ पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर के कमरों के भी ताले टूटे हुए थे। वहां लगा सीसीटीवी भी तोड़ दिया था। चोर कम्प्यूटर केबिल, मॉनीटर, कीबोर्ड, पावर केबिल, कैमरा, माउस चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


Lifelines OF BAREILLY — MEDICAL — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# शिक्षुता मेला आईटीआई में 28 फरवरी को

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर में 28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शिक्षुता मेला आयोजित होगा, जिसमें प्रतिष्ठित अधिष्ठान एवं कंपनियां प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी।

अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक एवं तकनीकी बायोडाटा के साथ संस्थान परिसर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उनकी छायाप्रति भी अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी।

# रंग, भक्ति और उल्लास का दिखा संगम



महंत दीपक शर्मा संग होली महोत्सव में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** ग्राम अलीगंज स्थित श्रीबालाजी धाम में महंत दीपक शर्मा के नेतृत्व में भव्य होली महोत्सव के दौरान भक्तों ने बालाजी महाराज के चरणों में अबीर-गुलाल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। महंत दीपक शर्मा ने विधि-विधान से श्रद्धालुओं से पूजन कराया।

दरबार में भजन-कीर्तन चला। जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। फूलों व गुलाल की होली खेली गई।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। अंत में भंडारा हुआ, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अशोक चौहान, संतोष चौहान, मनीष, आकाश, धर्मवीर, डॉ. शिव कुमार, दीनदयाल, गौरव, संजीव सिंह ,अमित कुमार, अमर सिंह, मंगली प्रसाद, सोमपाल, गयादीन, मोहनलाल, अभी, आरव, दीपू , सचिन, मीना देवी, कमला देवी, मिथिलेश, रुचि शर्मा, दिसंबर दयाल, गीता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

- श्रीबालाजी धाम अलीगंज में आयोजित किया होली महोत्सव

# साइंस ओलंपियाड में बरहा के छात्र छात्राओं ने जीते गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत





पुरस्कृत किए गए बच्चों संग स्कूल के शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड सत्र 2025-26 में कंपोजिट स्कूल बरहा के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस) हासिल किया।

कक्षा आठ के छात्र संदीप ने लेवल टू के लिए क्वालीफाई कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा आठ के ही छात्र यशपाल और कक्षा सात की छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के 22 बच्चों की एग्जाम फीस अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन एवं हुंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन ने दी। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया गया।

ओलंपियाड परीक्षा के नोडल शिक्षक संतोष कुमार खरे ने बताया कि प्रत्येक छात्र के प्रयास को सराहते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है। विद्या वाहिनी के जिला समन्वयक आशीष कुमार, इंचार्ज अध्यापक ममता, मीना, विजेता, सृष्टि, रूबी, सबीहा, गीता, गुंजन, दिनेश, रमेश, पवन, लक्ष्मी आदि ने हर्ष जताया। बीएसए रोशनी सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

- तीन विद्यार्थियों ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की

# जन जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**बिलसंडा, अमृत विचारः** हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शुरुआत कराई। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामूहिक गीत का गायन किया। बौद्धिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय पीलीभीत के डॉ . अम्बा प्रसाद ने दैनिक जीवन में कौशल विकास को लेकर स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस दौरान नरेंद्र कुमार बत्रा,डॉ. सतेंद्र कुमार, अनुजा अग्रवाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अर्जुन कुमार, राजीव कुमार, अमरजीत, हर्षिता, भूमियांशी, कृष्णा गुप्ता, कनिष्का दुबे आदि मौजूद रहे।



**इफ्तार**
गुरुवार शाम
सुन्नी : 6:08
शिया : 6:10

**सहरी**
शुक्रवार सुबह
सुन्नी : 5:07
शिया : 5:09

# संकटादेवी मार्केट में गरजी पालिका की जेसीबी

## सड़क किनारे लगे काउंटर, तख्त और अस्थायी ढांचे हटाए तो मची अफरा-तफरी, व्यापारियों ने जताया विरोध

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** होली के त्योहार को लेकर बाजारों में खरीदारी ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्य मार्गों पर बढ़ती भीड़ और संभावित जाम की स्थिति को देखते हुए शहर में नगर पालिका परिषद ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। बुधवार को संकटा देवी रोड और सुभाष पार्क क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इससे व्यापारियों में खलबली मच गई।

सुबह से ही पालिका की टीम पुलिस बल के साथ संकटा देवी रोड पहुंची। जेसीबी की मदद से सड़क किनारे लगे काउंटर, तख्त और अस्थायी ढांचे हटाए गए। टीम को देखते ही बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई दुकानदारों ने तत्काल अपना सामान अंदर करना शुरू कर दिया। पालिका अधिकारियों का कहना है कि इस मार्ग पर लंबे समय से दुकानों के आगे सामान सजा कर व्यापार किया जा रहा था, जिससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई थी।

त्यौहारी मौसम में दोपहिया और चार पहिया वाहनों के आमने-सामने आने से जाम की स्थिति बन जाती थी। राहगीरों को भी किनारे-किनारे निकलना पड़ता था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। अभियान के दौरान कुछ अस्थायी काउंटर और ढांचे हटाकर नगर पालिका के वाहन में लादे गए। कर्मचारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण न किया जाए। करीब दो घंटे चली कार्रवाई के बाद मार्ग पर यातायात सामान्य होता दिखाई दिया।

- त्यौहारी भीड़ और जाम को लेकर नगर पालिका ने की कार्रवाई



संकटा देवी मंदिर मोड़ पर अतिक्रमण हटाती नगर पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार



सभासद से बातचीत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### अन्य मार्गों पर चल सकता है अभियान

शहर की मेन रोड, अस्पताल रोड के अलावा अन्य प्रमुख मार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। इन मार्गों पर दुकानदारों का सामान सड़कों तक रखा होने के कारण दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही दुकानों के सामने आड़े-तिरछी सड़क पर खड़े होने वाले वाहन भी जाम का प्रमुख कारण बनते हैं। पालिका प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी इसी प्रकार अभियान चलाया जाएगा।

### पहले दी गई थी चेतावनी



ईओ संजय कुमार ने बताया कि त्योहार और जाम की स्थिति को देखते हुए संकटा देवी रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान से पहले मुनादी कर दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी, बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बुधवार को कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। जिन दुकानदारों के काउंटर नगर पालिका लाए गए थे, उनका सामान वापस कर दिया गया है, ताकि उन्हें अनावश्यक आर्थिक नुकसान न हो।

### व्यापारियों और अफसरों के बीच नोकझोंक

अभियान के दौरान कुछ व्यापारियों ने नाराजगी जाहिर की। उनकी नगर पालिका के ईओ से सामान जब्त करने को लेकर नोकझोंक भी हुई। व्यापारियों का कहना था कि पालिका कर्मियों ने काउंटर के साथ-साथ अंदर रखा सामान भी उठा लिया। व्यापारियों का कहना है कि सहालग और त्योहार के चलते पहले ही बिक्री प्रभावित है, ऐसे में इस तरह की कार्रवाई से उन्हें और अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सदर विधायक योगेश वर्मा।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- संगोष्ठी, रंगोली, चित्रकला और लोकनृत्य का हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** युवराज दत्त महाविद्यालय के गोल्डेन जुबली हॉल में बुधवार को भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा मौजूद रहे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान ने किया।

कार्यक्रम का आरंभ संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संगोष्ठी, रंगोली, चित्रकला और लोकनृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। प्रियांशी ने नेपाली नृत्य, वर्षा, कोयल व पूनम ने थारू जनजातीय नृत्य तथा लवी ने कजरी की प्रस्तुति दी। नैना गुप्ता ने कत्थक शैली में होली नृत्य से समां बांध दिया। मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार ने भारत-नेपाल संबंधों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। सदर विधायक योगेश वर्मा ने दोनों देशों की मैत्री को लोक संस्कृति की जीवित पहचान बताया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. हेमंत पाल ने वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। संयोजक प्रो. ज्योति पंत के निर्देशन में आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें प्रमाण-पत्र व स्मृति-चिह्न दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पागल कुत्ते ने युवक को काटा, तीन माह बाद मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** तीन महीने पहले पागल कुत्ते के काटने से घायल हुए थाना मितौली क्षेत्र के गांव ईसानगर निवासी एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मितौली क्षेत्र के गांव मूलचंद के 35 वर्षीय बेटे दयाराम की मंगलवार की सुबह घर पर मौत हो गई। मृतक के भाई सतीपाल ने बताया कि दयाराम को करीब तीन माह पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था, उसने इलाज में लापरवाही की, हालांकि बीते दिनों जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब हुई तो लखनऊ तक इलाज कराया लेकिन फायदा नहीं, इससे सोमवार को घर वापस ले आए थे। वहीं मंगलवार की सुबह दयाराम की मौत हो गई।

### जमीन पर जबरन रास्ता बनाने को लेकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा थाना क्षेत्र के गांव सहबाजपुर मजरा देवीपुरवा निवासी रामबेटी ने बताया कि उसके घर के उत्तर दिशा में उसकी निजी जमीन स्थित है। आरोप है कि गांव के ही भिखारी, कैलाश, राम विलास, थाना ईसानगर के गांव गुरदीनपुरवा निवासी विनोद ने जबरन रास्ता निकालने की नीयत से उसकी जमीन पर मिट्टी डाल दी। इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुत्री खुशबू और देवरानी पिंकी बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमंचा व कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने एक शातिर अपराधी को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी इसी थाना क्षेत्र के गांव रूरा सुल्तानपुर का रहने वाला अमर सिंह है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना फूलबेहड़ में आठ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# एआरटीओ ने 15 वाहन किए सीज, 6 लाख का जुर्माना

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ओवरलोड, डग्गामार और अनधिकृत वाहनों पर की सख्ती
- हेलमेट-सीट बेल्ट के भी 50 चालान, वाहन मालिकों में हड़कंप

**अमृत विचारः** होली से पूर्व डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने दो दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान कुल 15 वाहनों को विभिन्न थानों में सीज किया गया और 6 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया, जिससे वाहन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

एआरटीओ ने बताया कि 10 वाहनों को ओवरलोड पाए जाने पर बंद किया गया। इनमें तीन वाहन मौरंग से लदे थे, जबकि सात अन्य वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलते पाए गए। इसके अतिरिक्त गन्ना परिवहन में लगा एक वाहन फिटनेस फेल होने के कारण शारदा नगर थाने में सीज किया गया। अन्य अभियोगों में पांच और वाहनों को भी बंद किया गया। एआरटीओ की कार्रवाई केवल बड़े वाहनों तक सीमित नहीं रही। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने पर 50 वाहनों के चालान किए गए।

एआरटीओ कार्यालय के अनुसार इस संयुक्त अभियान के दौरान लगभग छह लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड और अनधिकृत वाहनों के संचालन से न केवल राजस्व की हानि होती है, बल्कि सड़क सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। ऐसे में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। परिवहन विभाग की सख्ती से अवैध रूप से वाहन संचालन करने वालों में खलबली मची हुई है।

### सीबीएसई हाईस्कूल में विज्ञान का हुआ पेपर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की हुई। निर्धारित समयानुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा संपन्न हुई। विज्ञान विषय के लिए जिले में कुल 4108 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4070 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी 10 केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। सुबह से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों और अभिभावकों की हलचल दिखाई दी। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षार्थियों को कक्षों में बैठाया गया। परीक्षा समाप्ति के बाद छात्र-छात्राएं बाहर निकलते नजर आए। परीक्षा देकर निकले छात्र छात्राओं ने बताया कि विज्ञान विषय का पेपर सामान्य स्तर का आया था पेपर को करने में कोई खास परेशानी नहीं हुई। छात्र छात्राओं ने बताया कि कुछ सवालों ने समय थोड़ा ज्यादा लिया पर ओवरऑल पेपर अच्छा आया था।

# शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए गए। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपा। ज्ञापन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार आलोचना और वैचारिक असहमति को दबाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि जो लोग सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हैं या सुझाव देते हैं, उन्हें विभिन्न माध्यमों से परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता और अपने धार्मिक कार्यों के संचालन का मौलिक अधिकार प्राप्त है। ऐसे में किसी भी धार्मिक संत के विरुद्ध की गई कार्रवाई पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित हो। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मोहन चंद्र उप्रेती, रवि तिवारी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- जुलूस की शक्ल में पहुंचे कलेक्ट्रेट प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

### भारतीय मजदूर संघ ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर बुधवार को विरोध दिवस मनाया। संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। जिला मंत्री अरविंद कुमार अवस्थी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों के श्रमिकों की लंबित समस्याओं को लेकर लंबे समय से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, लेकिन समाधान नहीं मिला है। संगठन के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन के क्रम में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में मिड-डे मील और आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने समेत कई मांगें हैं। ईपीएस -95 पेंशन 27,500 प्रतिमाह करने और महंगाई राहत देने आदि मांग की है। राजेश कुमार दीक्षित, दीपक कुमार, सरस्वती पांडेय, मोहम्मद अफजल, गंगाराम रहे।

# मानदेय 500 रुपये प्रति बैठक करने की मांग

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पंचायतीराज ग्राम पंचायत सदस्य संघ ने डीपीआरओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्राम पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार ने ग्राम पंचायत सदस्यों के मानदेय में वृद्धि और ग्रामों की सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर डीपीआरओ को एक ज्ञापन सौंपा है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि 06 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया था, जिसमें यह मांग उठाई गई थी कि ग्राम पंचायत सदस्यों को प्रति बैठक का मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाए। शासन स्तर पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत सदस्यों का सर्वे कार्य मई माह में पूरा कराए जाने की बात कही गई थी। संघ का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत सदस्यों को प्रति बैठक मात्र 100 मानदेय दिया जा रहा है, जो उनके दायित्वों और कार्यभार की तुलना में अत्यंत कम है। ऐसे में इसे बढ़ाकर 500 प्रति बैठक किया जाए और भुगतान सीधे खातों में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र ग्राम पंचायत सदस्यों को एक-एक प्रधानमंत्री आवास सुविधा प्रदान करने की मांग भी दोहराई गई है। इसके अतिरिक्त संघ ने होली को ध्यान में रखते हुए ग्रामों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। आरोप है कि कई गांवों में सफाई कर्मियों द्वारा नियमित सफाई नहीं की जा रहा है, जिससे गंदगी बढ़ रही है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामों में नियमित और प्रभावी सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि त्यौहार पर ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण मिले।

# बोर्ड परीक्षा: हाईस्कूल में विज्ञान का पेपर बच्चों को लगा आसान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की केमिस्ट्री विषय के पेपर में परीक्षा में कुछ छात्रों के लिए केमिकल रिएक्शंस, बांड और जटिल रसायनिक समीकरणों ने उलझन पैदा की, जबकि कुछ ने इसे संतुलित और पाठ्यक्रम अनुसार बताया। कुछ परीक्षार्थी काफी देर तक रसायनिक अभिक्रियाओं, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के प्रश्नों में उलझे रहे, जबकि दसवीं में प्रथम पाली में हुए विज्ञान विषय का पेपर बच्चों ने आसान बताया।

बुधवार को द्वितीय पाली में दो बजे से 5.15 बजे तक हुई इंटर की रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा में पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा भौतिक और अकार्बनिक रसायन के मुकाबले ऑर्गेनिक सेक्शन ने उन्हें ज्यादा सोचने पर मजबूत कर दिया। विलयन, विद्युत रसायन के प्रश्न आसान थे, जिन्हें उन्होंने कम समय में ही हल कर दिया, जबकि बांड और रासायनिक अभिक्रियाओं से संबंधित प्रश्नों को हल करने में वह काफी देर तक उलझे रहे। रसायन विज्ञान के 70 अंक के प्रश्नपत्र में कुछ सवाल ऐसे आए, जिन्हें देखकर कई परीक्षार्थी मायूस हो गए। लेकिन अधिकांश छात्र-छात्राओं को प्रश्नपत्र एनसीआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार ही लगा, जिन्होंने परीक्षा से पूर्व अनसोल्वड पेपर्स, अध्यापकों द्वारा बनवाए गए नोटस का अच्छे से रिवीजन किया था, उन्हें पेपर सॉल्व करने में परेशानी नहीं हुई।

- इंटर में केमिस्ट्री किसी को आसान तो कई परीक्षार्थी बांड और केमिकल अभिक्रियाओं में उलझे

कक्षा दस में प्रथम पाली में विज्ञान विषय का पेपर हुआ, जिसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। कक्षा 10 के विद्यार्थी अविचल अवस्थी, अमरजीत मौर्य, गोपाल, तान्या, कोपल वर्मा, शालिनी, अनुष्का आदि ने बताया कि मल्टीपल चॉइस, थियोरेटिकल के प्रश्न रिवीजन किये हुए आए, जिसके चलते पेपर सॉल्व करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। समय रहते ही सभी प्रश्नों को अच्छे ढंग से सॉल्व कर दिया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकले सरस्वती विद्या निकेतन के परीक्षार्थियों ने न्यूमेरिकल और बहुविकल्पीय जैसे सवालों को कठिन बताया और ठीक नंबर आने की उम्मीद जताई।



गोला में प्रथम पाली की परीक्षा देकर कॉलेज से निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



रसायन विज्ञान की परीक्षा थी, इसलिए पहले डर लग रहा था। लेकिन कुल मिलाकर प्रश्नपत्र आसान रहा। अच्छे नंबर आने की उम्मीद है। -**रिशु मिश्रा** छात्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गो



एमीन, जैव अणु से संबंधित सवाल उलझाऊ थे, फिर भी प्रश्नपत्र सामान्य ही था। पेपर बेहतर हुआ है। नंबर अच्छे आने की उम्मीद है। -**कौशल राठौर** छात्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला।



प्रश्नपत्र देखकर ही लग गया कि यह आसान नहीं है। पेपर चुनौतीपूर्ण रहा है, फिर भी पेपर सही हुआ। थियोरेटिकल और न्यूमेरिकल प्रश्नों को अच्छे से हल किया है। -**संगम पटेल** छात्र इंटर।



एनसीआरटी पाठ्यक्रम पर ही प्रश्नपत्र आधारित था। नोट्स बनाकर पहले से तैयारी की थी। इसलिए प्रश्नपत्र कठिन नहीं लगा और आसानी से पेपर हल किया। -**आशुतोष** गुप्ता छात्र इंटरमीडिएट।

# लखनऊ की टीम ने देखी बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाएं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 129 केंद्रों पर दो पालियों में 78,634 ने दी परीक्षा, 4,484 परीक्षार्थी गैरहाजिर

**अमृत विचारः** बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा जिले के 129 केंद्रों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था और व्यापक प्रशासनिक निगरानी के बीच संपन्न हुई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर चहल-पहल रही और हर केंद्र पर अधिकारियों की सक्रियता देखने को मिली। इसी दौरान लखनऊ से आई विशेष टीम ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। बुधवार को दोनों पालियों में कुल 83,118 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 78,634 उपस्थित रहे, जबकि 4,484 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा में 50,048 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 47,115 उपस्थित रहे और 2,933 अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट के एक विषय में 63 में से 60 उपस्थित और तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा में 33,007 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 31,459 उपस्थित रहे, जबकि 1,548 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान लखनऊ से पहुंची चार सदस्यीय टीम ने डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता, कमलापति गुरु प्रसाद इंटर कॉलेज सिकंदराबाद , गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोला का निरीक्षण, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज गोला, कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का जायजा लिया। द्वितीय पाली में टीम नेता सुभाष चंद्र इंटर कॉलेज रजागंज में व्यवस्थाओं की जांच की। इसके बाद किसान इंटर कॉलेज फरधान का निरीक्षण किया। टीम ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कंट्रोल रूम की व्यवस्थाएं भी परखीं। निरीक्षण दल में मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, आशा राम चौधरी, शिव कुमार वर्मा, वंदना तिवारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

निरीक्षण के बाद डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि खीरी जिले की कंट्रोल रूम व्यवस्था सुव्यवस्थित पाई गई। उन्होंने विशेष रूप से कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों पर बनी मजबूत कनेक्टिविटी व्यवस्था की सराहना की और इसे परीक्षा संचालन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। साथ ही कंट्रोल रूम प्रभारी विपिन मिश्रा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से परीक्षा संचालन में पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल संबंधी कोई गतिविधि नहीं पाई गई। कुछ केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक अपना पहचान पत्र जेब में रखे हुए मिले, जिस पर तत्काल निर्देश देते हुए उन्हें पहचान पत्र गले में निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित करने के लिए कहा गया।



कंट्रोल रूम से परीक्षा की व्यवस्था जायजा लेती लखनऊ से आई विशेष टीम।

### बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सरस्वती देवी कॉलोनी निवासी दाताराम वर्मा ने बताया कि उनका पुत्र पंकज वर्मा आए दिन प्रताड़ित करता है। आरोप है कि वह लगातार जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था और मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। मंगलवार को जबरन जमीन लिखवाने को कहा। मना करने पर उसने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। लाठी लगने से उनका सिर फूट गया और वह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। घायल पिता ने आरोपी पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रकरण की जांच एसआई डिंपल कुमार को सौंपी गई है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगाया टीकाकरण शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जागरुकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहा रेडियो खीरी
- अभियान के तहत रेडियो की टीम गांव पिपरा करमचंद पहुंची

**अमृत विचारः** सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी जनजागरुकता अभियानों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बुधवार को नियमित टीकाकरण अभियान के तहत रेडियो की टीम लखीमपुर ब्लॉक के ग्राम पिपरा करमचंद पहुंची।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित टीकाकरण शिविर में कई महिलाएं अपने शिशुओं के साथ पहुंचीं और अभियान का लाभ उठाया। रेडियो खीरी ने नैरो कास्टिंग के माध्यम से टीकाकरण के महत्व पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान सीएचओ माया, एएनएम रोली वर्मा, आशा बहू किरण वर्मा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ऊषा देवी मौजूद रहीं। महिलाओं को टीकाकरण की प्रक्रिया, शिविर में लगाए जाने वाले विभिन्न टीकों और सरकारी स्तर पर टीकों की उपलब्धता और व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में टीम सदस्य मानसी जायसवाल और रूपांशी वर्मा ने स्टेशन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन

## केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने किया पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में पुरस्कृत विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी। ● अमृत विचार



सीजीएन पीजी कॉलेज की रस्साकशी में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में हुए दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा समारोह के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. अमित सिंह परिहार उपायुक्त श्रम एवं रोजगार लखीमपुर ने मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम आरंभ किया। पहले दिन खेलकूद की कई प्रतियोगिताएं कराई गईं। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत विधायक अमन गिरि ने मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि विधायक ने छात्रों के प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर भी महाविद्यालय एवं नगर का नाम रोशन करें। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चरित्र का अंग बनता है। उन्होंने खेलकूद सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्रीडा प्रभारी डॉ. नवनीत कुमार को भी बधाई दी।

दो दिवसीय क्रीडा समारोह के समापन सत्र में छात्र वर्ग डिस्कस थ्रो, 100 मीटर छात्रा/छात्र वर्ग फाइनल, 400 मीटर छात्रा/छात्र वर्ग फाइनल रेस सम्पन्न हुई, जिसमें 100 मीटर रेस फाइनल छात्र वर्ग में आशीष कुमार प्रथम, शिवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र में हुई सभी प्रतिस्पर्धाओं में सर्वोत्तम उत्कर्ष प्रदर्शन कर एथलीट चैम्पियन

**● 100 मीटर छात्रा/छात्र वर्ग फाइनल, 400 मीटर छात्रा/छात्र वर्ग फाइनल रेस सम्पन्न**

छात्र वर्ग में अंकित कुमार, छात्रा वर्ग में शिवानी रहीं। मुख्य अतिथि ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के पिता के नाम से शुरू की गयी प्रो. पारस नाथ सिंह स्मृति मेधा पुरस्कार 2025 सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सरिता देवी को विधायक द्वारा दिया गया। सुखविंदर सिंह उर्फ लड्डु एवं पुनीत साहनी ने चैम्पियन को नकद पुरस्कार दिया। समापन समारोह में विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्र, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य बलविंदर सिंह काके, बृजकिशोर, योगेश, दृगपाल सिंह, श्याम सिंह, संतोष वर्मा, गोला देहात प्रधान राजेश गिरि, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खां सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी, प्राध्यापक मौजूद रहे।



गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में पुरस्कृत विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी।

# बैंक शाखाओं से खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

**खमरिया, अमृत विचार:** क्षेत्र की विभिन्न बैंकों में इन दिनों नकदी संकट गहराने लगा है। बैंक शाखाओं में पैसा निकालने पहुंचे उपभोक्ताओं को कैश उपलब्ध नहीं है कहकर वापस लौटाया जा रहा है। लगातार दूसरे-तीसरे दिन भी यही स्थिति बने रहने से आम लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। सुबह बैंक खुलने से पहले ही शाखाओं के बाहर लंबी कतारें लग जा रही हैं। घंटों इंतजार के बाद जब ग्राहकों की बारी आती है, तो उन्हें नगदी खत्म होने की जानकारी दी जाती है। कई लोगों का कहना है कि उन्हें घरेलू खर्च, इलाज, फीस जमा करने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए तत्काल धन की आवश्यकता है, लेकिन बैंक से नगदी न मिलने के कारण उनके काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से आए ग्राहकों की परेशानी और अधिक है। दूर-दराज गांवों से किराया खर्च कर बैंक पहुंचने वाले लोग खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि बार-बार आने-जाने में समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। अधिकांश एटीएम मशीनों में भी कैश खत्म होने की शिकायत सामने आ रही है।

# देशभक्ति से सराबोर गीतों से विद्यार्थियों ने मोहा मन

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** एसएसबी 39वीं वाहिनी परिसर में संचालित केंद्रीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वाहिनी के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बच्चों वे देश भक्त से सरोबा गीतों व अन्य कार्यक्रमों को पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि कमांडेंट श्री राजेश्वरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस आयोजन हेतु बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय

**● एसएसबी कैम्पस में चल रहे केंद्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न**

के छात्रों ने इस मौके पर कई देशभक्ति गीत, समूह नृत्य एवं प्रेरणादायक कई नाट्य प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोहा। जिसे देखकर दर्शक अपने को तालियां बजाने एवं छात्रों की प्रशंसा करने से रोक न सके। इस अवसर पर वाहिनी के कई अधिकारी, संपूर्णानगर के चिकित्सक डॉक्टर अजीम अहमद, वाहिनी के अधीनस्थ अनेक कार्मिक व विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य योगेंद्र पाठक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# समूह की धनराशि में 4.10 लाख की हेराफेरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना ईसानगर की ग्राम पंचायत मिर्जापुर के स्वयं सहायता समूह की कुछ सदस्याओं ने गांव निवासी सालिम पर कैश क्रेडिट लिमिट की धनराशि में हेराफेरी करने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। इसकी प्रारंभिक जांच एडीओ (आरओ) विमल कुमार वर्मा ने की। जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि समूह की महिलाओं के खाते से लगभग 4,10,000 रुपये की धनराशि आरोपित ने अपने निजी खाते में हस्तांतरित कराई। जांच में पुष्टि होने के बाद एडीओ (आरओ) ने थाना ईसानगर में तहरीर देकर दोषी के विरुद्ध थाना ईसानगर में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच एसआई धर्मेंद्र सिंह चंदेल को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना बुवाई के लिए कुंभी चीनी मिल ने निकाली रैली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं चीनी मिल की ईडी अवंतिका सरावगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुंभी चीनी मिल ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिये किसानों को प्रेरित करने, जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली, जिसे चीनी मिल की ईडी अवंतिका सरावगी ने चीनी मिल परिसर में फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अवंतिका सरावगी ने बताया कि रैली का मकसद किसानों में बसंत कालीन गन्ना बोने के लाभ, बेहतर किस्मों की समय पर बुवाई और गन्ने का उत्पादन बढ़ाने के लिए संतुलित उर्वरको और पेस्टिसाइड के इस्तेमाल के बारे में जागरुकता बढ़ाना था। रैली के दौरान किसानों को गन्ना बोने से जुड़े पैम्फलेट बांटे गए और माइक्रोफोन के जरिए गन्ना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। बाइक रैली अलग अलग गन्ना क्रय केंद्रो और

**● चीनी मिल की ईडी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।**

गांवों से होकर गुजरी, जहां किसानों ने रैली का स्वागत किया और जितना हो सके उतने बड़े एरिया में गन्ना बोने का वादा किया।

रैली का आयोजन यूनिट हेड डॉ. सुनील कुमार यादव के दिशा निर्देशन में किया गया। रैली में शामिल गन्ना महाप्रबंधक चंद्रहास ने किसानों को बताया कि बसंत में गन्ने की बुआई के लिए लाइन से लाइन की दूरी चार फीट रखनी चाहिए, ताकि सही खेती के तरीके अपनाकर पैदावार ज़्यादा हो और गन्ने की कटाई भी आसानी से मशीन हो सके। उन्होंने किसानों से ज़्यादा पैदावार से ज़्यादा लाभ पाने के लिए को 0118, कोएलके 14201 और को 15023 किस्म के गन्ने की बुआई करने की भी अपील की। कहा कि अगर किसान खुद बीज नहीं खरीद सकते तो बीज की उपलब्धता के लिए मिल अधिकारियों/कर्मचारियों से संपर्क करें। रैली में गन्ना विकास निरीक्षक अजीत सिंह सहित चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# अराजक तत्वों पर ड्रोन कैमरे से रहेगी नजर

संवाददाता, संसारपुर



संसारपुर चौकी पर लोगों से संवाद करते चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संसारपुर पुलिस चौकी में बुधवार को थाना प्रभारी ने पीस कमेटी की बैठक कर दोनों समुदाय के नागरिकों व धर्म गुरुओं के साथ समीक्षा की। सुझाव लेकर सभी संबंधितों को निर्देश दिए।

प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य व नायब तहसीलदार ताहिर परवेज ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। इसी माह में होली का पर्व है।

सभी लोग त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। चौकी प्रभारी संसारपुर जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि होली पूर्व नियत स्थानों पर ही रखी जाएगी। इसलिए कोई नया स्थान न बनाया जाए।

**● पुलिस चौकी पर हुई पीस कमेटी की बैठक**

रंग के समय तक सभी व्यापारी मार्केट में दुकानें बंद रखेंगे। पुलिस ड्रोन कैमरों से भी निगरानी करेगी। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानुज मिश्रा, संसारपुर प्रधानपति रामप्रसाद देवल, ग्रंट डाटपुर प्रधान पुत्र इंसाफ खान, बाबरपुर प्रधान कंधईलाल, समाजसेवी शीबू खान, मुकर्रब अली, अशोक गुप्ता सेठ, मनोज गुप्ता, किशोर गुप्ता, जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना साजिद, हाफिज सुहेल अहमद, ऋषभ शुक्ला, सदस्य पंचायत सकील कुरैशी सहित दोनो समुदाय के धर्मगुरु आदि लोग मौजूद रहे।

# किशोरी का दुपट्टा पंखे में फंसने से हुई मौत

**मैलानी, अमृत विचार:** मोहल्ला काली मंदिर निवासी इरशाद हुसैन पुत्र अबरार हुसैन ने बताया कि उनकी पुत्री महक उर्फ जाफरीन (17) दोपहर घर में पोछा लगा रही थी। इसी बीच ऊपर करते समय दुपट्टा चलते हुए पंखे में फंस गया। गले में फंदा लगने से मृत्यु हो गई। मैलानी एसआई हिमांशु ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। पुत्री की अचानक मृत्यु हो जाने से परिजनों में चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते मोहल्ले वासियों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि काली मंदिर निवासी इरशाद की 17 वर्षीय पुत्री की दुपट्टा पंखे में फंस जाने से मृत्यु हो गई। पंचनामा भरकर शव को जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जायेगी।

# होलिका स्थलों पर रहेगी पुलिस की नजर

संवाददाता, मैगलगंज



बैठक को संबोधित करते सीओ मितौली यादुवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना परिसर में एसडीएम मितौली की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई, बैठक में सीओ मितौली यादुवेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

सीओ यादुवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चिन्हित सभी 155 होलिका दहन स्थलों की जानकारी एकत्र कर ली गई है। इनमें से 5 संवेदनशील स्थानों का वह स्वयं निरीक्षण कर जायजा लेंगे। संबंधित स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। यदि कहीं भी शांति भंग होने की आशंका या किसी प्रकार की अफवाह सामने आती है तो पुलिस तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने

**● 155 में से 5 संवेदनशील स्थानों का खुद निरीक्षण करेंगे अधिकारी**

वालों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। होली के उत्सव में किसी की जान जोखिम में न डालें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। साथ ही होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया।

# ग्रामीण मार्गों पर चलेंगी डिपो को मिली नई चार बसें

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** गोला डिपो को चार और नई रोडवेज बसें मिली हैं, जिससे डिपो से अब कुल 162 बसों का संचालन होगा। ये बसें ग्रामीण क्षेत्रों मोहम्मदी, बिजुआ, कोटवारा से लखनऊ तक की यात्रा को सुगम बनाएंगी।

नई बसें मियांपुर से लखनऊ, कोटवारा से लखनऊ और बिजुआ से लखनऊ रूट पर चलेंगी, जो यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करेंगी। ग्रामीण यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी देने और लखनऊ मुख्यालय तक यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिपो से चार नई बसें संचालित की गई हैं।

निर्धारित किए गए ग्रामीण रूट मियांपुर, पलिया, शाहपुर राजा, नयागांव, भट्टी चक और मड़ैय़ा पर रोडवेज बसें सुबह

**● गोला डिपो से अब कुल 162 बसों का होगा संचालन**

लखनऊ और दोपहर में वहां से वापस लौटेंगी। इन चार बसों के जुड़ने के बाद, अब डिपो के पास कुल 162 बसें हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से लखनऊ के लिए सीधी कनेक्टिविटी हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का सफर आसान हो जाएगा।

एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया की डिपो से एक बस सिकंदराबाद, भीखमपुर, सीतापुर होते हुए लखनऊ, बिजुवा से अलीगंज होते हुए लखनऊ और मियापुर वाली बस मोहम्मदी, मैगलगंज होते हुए लखनऊ के लिए संचालित होंगी। बसें निर्धारित स्टॉपेज पर रुकेंगी। डीजल लेने के लिए भी बसों को गोला डिपो ही आना होगा।

# मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि घोषित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अवध क्षेत्र के तहत जिले में विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत इन नामों को अधिकृत रूप से घोषित किया गया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध कमलेश मिश्र ने सूची जारी की है। सूची के अनुसार 137 पलिया विधानसभा क्षेत्र के तहत पलिया नगर मंडल का अध्यक्ष उदयवीर सिंह को तथा जिला प्रतिनिधि विवेक मिश्रा को बनाया गया है। मां शारदा मंडल की जिम्मेदारी शशि शंकर शुक्ला को दी गई है, जबकि अरविंद कुमार को जिला प्रतिनिधि नामित किया गया है। 138 निघासन विधानसभा क्षेत्र में निघासन मंडल के अध्यक्ष रामकुमार गौड़ व जिला प्रतिनिधि देवेंद्र चतुर्वेदी बनाए गए हैं। रमिया

**● प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद अवध क्षेत्र में संगठनात्मक नियुक्ति जारी**

बेहड़ मंडल में राजेश गुप्ता को अध्यक्ष और जयप्रकाश विश्वकर्मा को जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिंगाही मंडल में दीपक गुप्ता अध्यक्ष व बृजेश सिंह जिला प्रतिनिधि नियुक्त हुए हैं। अंतर्वेद मंडल में सौरभ शुक्ला को अध्यक्ष तथा दामोदर गौड़ को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

139 गोला विधानसभा क्षेत्र में गोला नगर मंडल का दायित्व विनोद स्वर्णकार को और जिला प्रतिनिधि शत्रुघन मिश्रा को सौंपा गया है। कुंभी मंडल में सच्चिदानंद शुक्ला अध्यक्ष तथा रविंद्र कटियार जिला प्रतिनिधि बनाए गए हैं। 140 श्रीनगर (सु) क्षेत्र में फूलबेहड़ मंडल के अध्यक्ष शिव भगवान गौड़ और जिला प्रतिनिधि अशोक राजभर बनाए गए हैं। सुंदरवल मंडल में धीरज कश्यप को अध्यक्ष तथा रमाकांत शुक्ला को जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी दी गई है। 141 धौरहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ईसानगर मंडल में कृष्ण पोरवाल को अध्यक्ष और राजेंद्र प्रसाद वर्मा को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। खमरिया पंडित मंडल में सतीश वर्मा अध्यक्ष तथा इंद्रकुमार शुक्ला जिला प्रतिनिधि घोषित किए गए हैं।

143 कस्ता (सु) विधानसभा क्षेत्र में बेहजम मंडल की कमान करुणाकांत शुक्ला उर्फ अजय शुक्ला छोटू को सौंपी गई है, जबकि अजय वर्मा को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। कस्ता मंडल में कौशल किशोर बाजपेयी को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध कमलेश मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

# गन्ना किसानों की इस बार भी फीकी रहेगी होली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि द्वारा गन्ना भुगतान न होने से गन्ना किसानों की होली इस बार भी फीकी रहेगी। हालांकि चीनी मिल को पर्याप्त गन्ना नहीं पहुंच पा रहा है, फिर भी मिल प्रबंधन भुगतान के मामले में गंभीर नहीं है।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित का कहना है कि खेतों में अब भी पर्याप्त गन्ना खड़ा हुआ है। अगर भुगतान की गति बढ़ती तो किसानों का भरोसा जागता और फ्री मिल चलने पर गोला नगर में जाम लगी होती। होली का त्यौहार सिर पर है, किसान और मजदूर सबको रुपया चाहिए। गन्ना बुवाई में महंगी लागत के साथ किसान को बीज की भी व्यवस्था करना है।

दूसरी तरफ मार्च आ रही है, बैंकों की क्लोजिंग में अपना कर्ज

**● चार माह में हो पाया नौ दिन का गन्ना भुगतान**

अदा करने के लिए बैंक भी किसानों को परेशान कर रहे हैं। किसानों की स्थिति काफी दयनीय है। उनका कहना है कि अगर चीनी मिल द्वारा नवंबर माह का भुगतान एक साथ कर दिया जाता तो किसानों में भरोसा जागता और चीनी मिल को गन्ना ज्यादा पहुंचने लगता। अभी खेतों में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक गन्ना खड़ा हुआ है।

किसान असमंजस में है कि गन्ना कोल्हू या क्रेशर पर बेचकर अपनी आवश्यकता की पूर्ति करे या चीनी मिल को सप्लाई करे। उन्होंने मांग की है कि बजाज ग्रुप को कम से कम 60 से 80 करोड़ तक एक साथ भुगतान करना चाहिए, जिससे चीनी मिल को गन्ना मिलना भी शुरू हो जाएगा। साथ ही किसान, मजदूर का त्योहार भी हो जाएगा।

# कमरे में खून से लथपथ मिला ग्रामीण का शव

## लाठी-डंडों से पीटकर हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव नौधन जिगनिया में बुधवार सुबह एक 52 वर्षीय ग्रामीण का शव उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कमरे में फैला खून, बिखरा हुआ सामान और पास में पड़े लाठी-डंडों को देखकर परिजनों ने पिटाई कर गांव के ही दो भाईयों पर हत्या किए जाने के आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गांव नौधन जिगनिया निवासी मायाराम ने बताया कि मंगलवार शाम परिवार के अधिकांश सदस्य हरदी गुलरिया गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर उनके चाचा रामपाल (52) अकेले थे। बुधवार सुबह करीब सात बजे जब परिवार वापस लौटा और मुख्य दरवाजा खोला, तो अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। रामपाल का शव

**• शादी समारोह में शामिल होने गया था परिवार**



शव का पंचायतनामा भरती पुलिस।

कमरे में पड़ा था और फर्श पर खून फैला हुआ था। कमरे में रखा घरेलू सामान इधर-उधर बिखरा मिला, जिससे संघर्ष की आशंका प्रबल हो गई। घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का आरोप है कि रामपाल की लाठी-डंडों से पिटाई कर हत्या की गई है।

उन्होंने गांव के ही दो सगे भाइयों पर संदेह जताया है। बताया जा रहा है कि मृतक का दोनों से पूर्व में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो हाल के दिनों में बढ़ गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों संदिग्ध सुरेश और उसके भाई राकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। चाहे वह आपसी रंजिश हो, संपत्ति विवाद या कोई अन्य कारण। परिवार वालों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव मुराउनपुरवा निवासी हीरालाल की 21 वर्षीय पत्नी माधुरी की मंगलवार की रात करीब नौ बजे संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि माधुरी अचानक हालत खराब हुई आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर जा ही रहे थे कि उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि माधुरी की करीब तीन साल पहले ही शादी हुई थी।

### खेतौसा हत्याकांड में 3 आरोपियों का चालान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फरधान पुलिस ने गांव खेतौसा में में 20 वर्षीय मीर कुमार की हत्या मामले में तीन आरोपियों गांव के ही जोगिन्दर, चेतराम और कमलेश को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका व एक लाठी भी बरामद की है। बुधवार को तीनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### दुर्घटना में दंपती सहित चार घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार निवासी कलीम (40) अपनी पत्नी सीबा (32), पुत्र हसन (9), हसनैन (6) सहित चार लोग एक ही बाइक पर सवार होकर गोला अर्जुन नगर कालोनी स्थित अपनी ससुराल से घर जा रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हाईवे मोड़ पर उनकी बाइक ट्रक से टकरा गई। हादसे में चारों गंभीर घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गंभीर भांपकर चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पति समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव बसंतापुर निवासी ब्रह्मदेव ने बरखेड़ा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री शिवानी की शादी अप्रैल 2018 में थाना बरखेड़ा के गांव बस्थना निवासी सुरेंद्र पुत्र झनकार से की थी। पति सुरेंद्र, ससुर झनकार सिंह अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग की। इसके पूरा न होने पर बेटी को प्रताड़ित किया और 23 फरवरी को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर के निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता गंगासिह क्राकरी का व्यापार करते हैं। दुकानों पर सामान की स्वयं ही सप्लाई करते हैं। 22 फरवरी को उसके पिता पिपरिया मंडन चौराहे पर शाम को सड़क पार कर रहे थे। इस बीच बाइक से आ रहे पिपरिया मंडन के सुनील कुमार ने टक्कर मार दी। घायल पिता को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ई रिक्शा पलटने से चालक घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बुधवार शाम नगर के सिकंद्राबाद रोड पर ई रिक्शा मोड़ते समय अचानक पलट गया। अशरफ अली (50) निवासी मूड़ाविश्नू गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना पलिया पुलिस ने मालकिन के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी नगर के मोहल्ला टेहरा शहरी निवासी आयुष गर्ग उर्फ आशु को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

# हेडमास्टर पर बेवा से छेड़छाड़ का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र में एक बेवा ने संविलियन विद्यालय के हेडमास्टर पर छेड़छाड़ सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी हेडमास्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पढुआ क्षेत्र की एक ढखेरवा चौराहा निवासी राजकुमारी (45) का कहना है कि उसका खेत जम्हौरा-लखनियापुर डामर रोड के पास स्थित है, जहां वह धान की फसल की रखवाली के लिए रोज सुबह जाती हैं। महिला का आरोप है कि लखनियापुर स्थित संविलियन विद्यालय के हेडमास्टर अभिषेक गुप्ता कार कई बार सड़क किनारे रोककर इशारों से उन्हें बुलाने का प्रयास करता था। 17 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 8 बजे आरोपी ने गाड़ी रोककर उसे पकड़ लिया और जबरन गाड़ी में खींचने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिनके आने पर आरोपी गाली-गलौज व धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसने ढखेरवा चौकी, आईजीआरएस पोर्टल, डीएम व एसपी को शिकायत भेजी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर थाना पढुआ पुलिस ने आरोपी हेड मास्टर के पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय वेबिनार में पैनलिस्ट रहीं पीलीभीत चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नगरपालिकाध्यक्ष पीलीभीत डॉ.आस्था अग्रवाल ने 16वें वित्त आयोग के शहरी अनुदानों पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में पैनलिस्ट के रूप में प्रतिभाग कर विचार रखे। इस वेबिनार में विभिन्न राज्यों से 800 से अधिक प्रतिभागी जुड़े। बताते हैं कि जनप्रतिनिधियों में विशेष रूप से डॉ. आस्था अग्रवाल का चयन किया गया।

वेबिनार का विषय सोलहवें वित्त आयोग के शहरी अनुदानों को समझना, निहितार्थ, सुधार और कार्यान्वयन रहा। पैनल में केरल के पूर्व महापौर सहित अन्य शहरी प्रशासन विशेषज्ञों ने भाग लिया और शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय सुदृढ़ता पर चर्चा की। डॉ. आस्था अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि पिछले वर्ष नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित चेयरमैन एवं मेयर सम्मेलन के दौरान उन्होंने सुझाव दिया था कि सोलहवें वित्त आयोग की ग्रांट में टाइड फंड की अपेक्षा अनटाइड फंड का हिस्सा बढ़ाया जाए, जिससे नगर निकाय स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे सकें। वेबिनार में आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के लिए की गई प्रमुख



वेबिनार में अपने विचार रखती डॉ. आस्था अग्रवाल।

सिफारिशों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें अनुदान राशि में वृद्धि, स्थानीय निकायों की स्वयं की आय बढ़ाने, पारदर्शिता, प्रदर्शन-आधारित शर्तों व राज्य हस्तांतरण की प्रभावशीलता जैसे विषय शामिल रहे। छोटे और मध्यम शहरों द्वारा इन निधियों के बेहतर नियोजन, प्रभावी उपयोग और क्रियान्वयन के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

चेयरमैन ने छोटे शहरों की व्यावहारिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी, क्षमता निर्माण और जवाबदेही को मजबूत करने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। 16वें वित्त आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के लिए लगभग 3.56 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया है। डॉ. आस्था अग्रवाल की भागीदारी को नगर पालिका परिषद सहित पूरे पीलीभीत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# व्यापारी से कॉल करके मांगी फिरौती हत्या की धमकी

**बरेली, अमृत विचार:** किला क्षेत्र के व्यापारी से रामपुर का युवक कॉल करके फिरौती मांग रहा है। पैसे नहीं देने पर अपहरण के बाद हत्या करने की धमकी दी जा रही है। इससे व्यापारी और उसका परिवार दहशत में है। किला पुलिस ने रामपुर निवासी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किला थाना क्षेत्र के साहूकारा निवासी संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 फरवरी की रात 9 बजे उसके नंबर पर कॉल आई। कॉलर ने अपना नाम राजेश निवासी रामपुर बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले ने कहा उसके खाते में एक लाख रुपये डाल दें। इस पर व्यापारी ने कहा कि वह उसे जानता तक नहीं है, ऐसे में वह रुपये खाते में नहीं डाल सकता। इसके बाद कॉल करने वाले ने फोन काट दिया। आरोप है कि 13 फरवरी को उसके पास फिर से कॉल आई और रुपयों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि अगर पैसे नहीं दिए तो रामपुर और मुरादाबाद में व्यापार करने आएगा तो अपहरण कर लेगा। अगर जान प्यारी है तो एक लाख नहीं बल्कि दो लाख रुपये दे। आरोप है कि कॉल करने वाले ने कहा कि जितने दिन बढ़ाएगा तो एक लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ते जाएंगे। आरोपी ने 14 फरवरी को फिर कॉल की और गालियां देते हुए कहा कि रुपये नहीं देने पर उसका अपहरण कर हत्या कर दी जाएगी। उसकी लाश भी परिजनों को नहीं मिलेगी। इसके बाद व्यापारी ने डर की वजह से जिस नंबर से कॉल आ रही हैं उसे ब्लॉक कर दिया। किला पुलिस ने रामपुर जिले के ज्वालानगर आगापुर सिविल लाइंस निवासी राजेश कुमार उर्फ बब्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

पहला हादसा शहर के ओवरब्रिज पर मंगलवार देर रात हुआ। सदर कोतवाली के गांव भंसड़िया निवासी राजू का 30 वर्षीय बेटा मन्नू मंगलवार देर रात शादी समारोह में शामिल होकर दो दोस्तों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। बताते हैं कि शहर के ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मन्नू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्तों का गंभीर घायल हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दूसरा हादसा थाना पलिया क्षेत्र में हुआ। थाना पलिया क्षेत्र के गांव मकनपुर निवासी खूबलाल का 26 वर्षीय बेटा विकास मंगलवार की शाम

**• शहर, पलिया और पसगवां क्षेत्र में हुए हादसे**

करीब सात बजे मझगईं क्षेत्र में शादी समारोह से होकर बाइक से घर लौट रहा था। बताते हैं कि विकास निघासन रोड बुझवा स्थित पंचमुखी मंदिर के पास पहुंचा तभी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी घटना थाना पसगवां क्षेत्र में हुई। हरदोई जिले के थाना पिहानी क्षेत्र के गांव जहानीखेड़ा निवासी गंगा राम की 60 वर्षीय पत्नी छुन्ना देवी मंगलवार की शाम करीब चार बजे शौंच के लिए मैगलगंज हाईवे क्रास कर रही थी। बताते हैं कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंगाराम ने बताया कि सड़क हादसा पसगवां क्षेत्र के मैगलगंज मार्ग पर हुआ है, जबकि सड़क के दूसरी हरदोई जिला लगता है।

# तीन लाख की नकदी समेत सात लाख के जेवर चोरी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** होली नजदीक आते ही बेखौफ अपराधी पुलिस पर भारी पड़ने लगे हैं। मंगलवार की रात चोरों ने मोहल्ला ईदगाह में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाया। छत पर पड़े जाल को उठाकर घर के अंदर घुसे चोर 3 लाख रुपये की नगदी और करीब चार साथ रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। वहीं शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर शिक्षक भवन के निकट एक मेडिकल स्टोर का ताला तोड़ने की भी कोशिश की गई। एक ही रात में हुई दो घटनाओं ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मोहल्ला ईदगाह निवासी शुभम सिंह ने बताया कि उनके घर के पड़ोस में एक नया मकान निर्माणाधीन है। निर्माण कार्य होने के कारण उस मकान का कुछ सामान उनके घर में भी रखा हुआ है। मंगलवार रात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और सीधे



मकान के अंदर जांच करती फॉरेंसिक टीम। • अमृत विचार

**• मकान में पड़ा था ताला, दूसरे मकान पर गया था परिवार**

कमरों तक पहुंच गए। चोरों ने सेफ अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी सोने की चेन, झुमके, नाक की बाली, पायल समेत अन्य कीमती जेवरात और करीब तीन लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। जेवरों की कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई गई है। उन्होंने बताया कि सुबह जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा मिला। मौके पर लोहे की रॉड और सरिया पड़ी मिली, जिनकी मदद से दरवाजे, ताले और लॉकर तोड़े गए थे। छत का जाल खुला मिला, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर उसी रास्ते घर में घुसे और घटना को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। इसी रात सौजन्या चौराहा के निकट शिक्षक भवन के पास एक मेडिकल स्टोर का ताला तोड़ने की कोशिश भी की गई। हालांकि चोर इसमें सफल नहीं हो सके, लेकिन वारदात ने व्यापारियों में दहशत फैला दी है। चोरों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज लेकर जांच शुरू कर दी है।

### एएसपी ने किया मौका मुआयना

एक ही रात दो स्थानों पर घटनाओं की सूचना मिलने से पुलिस के हाथ पैर फूल गए। एएसपी पवन गौतम और शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मोहल्ला ईदगाह पहुंचे और। एएसपी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास लगे कैमरों को भी खंगाला गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम के एक्सपर्ट ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़कर खुलासा किया जाएगा। इधर लगातार हो रही चोरी की वारदातों से लोगों और व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

# साजिश रचकर दूध व्यापारी से की थी लूट, पुलिस ने तीन आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** थाना पसगवां पुलिस ने दूध व्यापारी के साथ हुई लूटपाट का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई नगदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। पुलिस का दावा है कि दूध व्यापारी के साथ साजिश के तहत लूटपाट की घटना हुई थी।

एएसपी अमित राय ने बताया कि पुलिस ने शाहजहांपुर जिले के थाना सिंधौली के गांव कटिया बुजुर्ग निवासी जीसान अली, हमीदनगर निवासी अवधेश यादव और बलसुआ दिल्ली निवासी सुमित उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4500 रुपये नगद, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की गई है। एएसपी ने बताया कि मुख्य अभियुक्त जीसान अली पेशे से बाइक मैकेनिक है। अवधेश यादव पिछले एक वर्ष से उसके संपर्क



लूट मामले में गिरफ्तार आरोपी। • अमृत विचार

**• लूटी गई नकदी, मोबाइल और बाइक बरामद**

में था और दोनों के बीच पैसों का लेनदेन भी चलता था। अवधेश ने जीसान को बताया कि एक दूध व्यापारी ने उससे पूर्व में 2 लाख 20 हजार रुपये उधार लिए थे, जिनमें से 2 लाख रुपये वापस कर दिए गए, लेकिन शेष राशि को लेकर विवाद चल रहा था। अवधेश ने उक्त व्यक्ति को सबक सिखाने के लिए जीसान और उसके साथी सुमित उर्फ गुल्लू को तैयार किया। घटना से लगभग एक सप्ताह पूर्व अवधेश ने दोनों को पीड़ित के आने-जाने का रास्ता और पहचान कराई।

21 फरवरी को जीसान और गुल्लू बाइक से पहुंचे। पहचान सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉल के माध्यम से अवधेश से पुष्टि कराई गई। इसके बाद सुनसान स्थान पर मौका पाकर आरोपियों ने दूध व्यापारी से मारपीट कर उसका मोबाइल और करीब 10 हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम मलूकापुर निवासी ललिता देवी पत्नी राधेरमन की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें उसने बताया कि गांव के सूर्यकांत से निकासी के विवाद की रंजिश हैं। इसी के चलते तीन दिसंबर को सूर्यकांत, भारतभूषण और जय देवी ने जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियारों से वार करके घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**महिला ने तहसील में किया हंगामा:** पीलीभीतः दाखिल खारिज से जुड़ा काम कराने के लिए पूरनपुर तहसील में अधिवक्ता के चैंबर में पहुंची सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की महिला ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि महिला ने आवश्यक अभिलेख फाड़ दिए। काफी अधिवक्ता जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और मामले को शांत कराया। महिला को भी पुलिस कोतवाली ले गई। महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।

# दवाई लेने आए ग्रामीण का बस स्टैंड पर मिला शव



मौके पर लगी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली व कस्बा मोहम्मदी स्थिति रोडवेज बस स्टैंड के पास एक ग्रामीण का शव देखे जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की पहचान थाना पसगवां के गांव काशीपुर निवासी शेर बहादुर (50) के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

बुधवार को कुछ लोगों की नजर रोडवेज बस स्टैंड के पास पड़े एक शव पर पड़ी। शव देखे जाने से स्टैंड पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव के पास में दवाई का पर्चा पड़ा हुआ था। शव की पहचान थाना पसगवां के गांव काशीपुर निवासी शेर बहादुर के रूप में हुई। पुलिस ने मौत की खबर परिवार वालों को दी। खबर मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक शेर बहादुर दवा लेने के लिए मोहम्मदी आए थे, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर काम करके जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जिले के परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों ने बुधवार को भी काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर विरोध जताया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शिक्षक संगठन एक मंच पर दिखे।

विरोध के तीसरे दिन कई स्कूलों में जिज्ञासा के तौर पर छात्र, छात्राओं ने अपने शिक्षकों से सवाल किए कि आखिर

**• टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में चल रहा है विरोध**

काली पट्टी क्यों बांधी गई है। शिक्षकों ने बच्चों को समझाया कि यह विरोध किसी व्यवस्था के खिलाफ द्वेष नहीं है। बल्कि अपने हक की शांतिपूर्ण आवाज को जनमानस और सरकार तक भेज रहे हैं।

बच्चों को बताया कि लोकतंत्र में अपनी बात को शालीनता से रखना भी शिक्षा का ही एक हिस्सा है। बीसलपुर, बिलसंडा,




भिलैइया गांव के स्कूल में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते शिक्षक।

बरखेड़ा, अमरिया, ललौरी खेड़ा, मरौरी, पूरनपुर सहित सभी जगह शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर दयाशंकर गंगवार, उमेश गंगवार, लाल करन, बाबूराम, देवेन्द्र कन्हैया, राजेश मिश्रा, आराधना कश्यप, मोहम्मद अकरम, अंकित भारती, केके सागर, विमल कुमार, जितेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, संतोष पासवान, रामौतार, पंकज गैंगवार, जोगेन्द्र कुमार, संतोष गंगवार, अमनदीप, सद्रवाल, मुकेश अवस्थी, नीरज पाल, प्रेमपाल, रामप्यारे राम आदि थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**आवश्यकता है**
प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।
योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार। E-mail: lbslaw50@gmail.com
**एल.बी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ**
नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे वाणिज्य कर के केस (बाद) की सुनवाई के लिए फार्म नं. 38- (1) 2015301 (2) 2016141 (3) 2016142 (4.) 2016143 फार्म-52 बिल बुकें लेकर बिहारीपुर से इस्लामियां रोड होकर चौकी चौराहा की तरफ जा रही थी। रास्ते में मेरा बैग कहीं गुम हो गया। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **पारूल रूहेला 135, मदारी गेट, बड़ा बाजार, बरेली (यू.पी.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम प्रदीप है, ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम प्रदीप कुमार दर्ज हो गया है जो गलत है, भविष्य में मुझे प्रदीप नाम से ही जाना जाए। **प्रदीप पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ग्राम ईंधजागीर निकट महालक्ष्मी पेट्रोल पम्प नवाबगंज बरेली**

**Notice**
This is to be notify that in my Passport No. R0219494 my name is wrongly mentioned as Adil whereas my real name is Mohd. Aadil. My real name Mohd. Aadil is recorded in Aadhar card and other Documents. Mohd. Aadil S/o Mehndi Hasan R/o Hajiyapur Warsi Gali Bareilly.

**सूचना**
मैं नवीन अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेश कुमार अग्रवाल अपनी फर्म स्वास्तिक मार्वल 10-ए, एकतानगर स्टेडियम रोड से अपने कोल्ड स्टोर स्वास्तिक कोल्ड स्टोर एण्ड एलाइड इण्डस्ट्रीज तहसील बिसौली जिला बदायूं को जा रहा था मेरा कागजों का बैग धर्मकांटे के पास कहीं गिर गया है जिसमें एक फ्लैट का एलॉटमेंट लैटर जो कि मेघा क्वालिटी प्रोजेक्ट L.L.P. के द्वारा एप्लीकेशन डेट 10.04.2023, 20 अप्रैल 2024 को फ्लैट नं. 1301/13 वीं फ्लोर का और एक रजिस्ट्री पेपर रकवा 0.080 हेक्टेयर गाटा संख्या 932/1202 वीरमपुर परगना सतासी बी कोड 1295 सैदपुर-वीरमपुर लिंक मार्ग बिल्सी मार्ग तहसील बिसौली जिला बदायूं की थी। **नवीन अग्रवाल, 28 शास्त्री नगर, बरेली मो. 9897897489**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**आवश्यकता है**
• कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
• नर्स ANM/GNM
• पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
• आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
• रसोइया • वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

